CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 64 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 24 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## मुख्यमंत्री भजनलाल का बस्सी, जोबनेर और सांभरलेक में ऐतिहासिक स्वागत

### ज्वाला माता मंदिर और शाकंभरी शक्तिपीठ में पूजा अर्चना की





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति वाले हैं, इनके पुरखे और परिवारजन पूजा अर्चना और देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था भाव रखते हैं और घर पर रोजाना पूजा पाठ का आयोजन भी होता है इसीलिए नवरात्र के इन नौ दिनों में भजनलाल शर्मा मां दुर्गा की पूजा अर्चना में लीन रहते हैं इसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोबनेर में ज्वाला माता मंदिर और संभर लेक में शक्तिपीठ शाकंभरी माता मंदिर में पूजा अर्चना करके प्रदेश के लोगों की खुशहाली और प्रदेश के विकास की प्रार्थना की इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बस्सी में गौशाला में अपने हाथों से गाय माता की पूजा अर्चना की और चारा खिलाया तथा गौशाला की व्यवस्थाओं के बारे में भी गौशाला प्रशासन से जुड़े लोगों से जानकारी हासिल की बस्सी में सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और आमजन ने मुख्यमंत्री शर्मा का शानदार तरीके से स्वागत



किया लोगों में मुख्यमंत्री शर्मा को माला पहनने की होड़ मची रही काफी देर तक लोग मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत करते रहे इसी तरह का स्वागत मुख्यमंत्री शर्मा के जोबनेर पहुंचने पर भी हुआ जहां पहले से ही बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और विभिन्न जाति और बिरादरी के लोगों ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया जोबनेर में ज्वाला माता मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री शर्मा को 51 किलो की फूलमाला पहनाई गई और गाजे बाजे के साथ उनका अभिनंदन किया गया इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा और पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया के अलावा क्षेत्र के पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे यहां ज्वाला माता मंदिर में मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री शर्मा के हाथों विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई जोबनेर में ज्वाला माता मंदिर के दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शक्तिपीठ शाकंभरी माता मंदिर पहुंचे यहां भी बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री शर्मा का शानदार स्वागत किया मुख्यमंत्री शर्मा ने यहां मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना की और प्रदेश के विकास और खुशहाली की कामना की

दिया कुमारी की विद्याधर नगर में नई पहल

## जन संवाद और जनता भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों से पार्टी को मिलेगी मजबूती

*अपने निर्वाचन क्षेत्र विद्याधर नगर में वार्ड 15 और वार्ड 18 में आठ विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास, पिछले सवा दो साल में विद्याधर नगर इलाके में हुए ऐतिहासिक विकास कार्य*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर की विद्याधर नगर विधानसभा सीट से रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करने वाली उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर भी शुरू से ही काफी गंभीर और सजग रही हैं । इसी का परिणाम है कि पिछले सवा दो साल में दिया कुमारी के प्रयासों से विद्याधर नगर इलाके में बड़े पैमाने पर हर क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं जिसकी वजह से दिया कुमारी अपने विकास कार्यों और अपने सहज स्वभाव के लिए स्थानीय लोगों में काफी लोकप्रिय बनी हुई है । सोमवार को भी दिया कुमारी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के भवानी निकेतन वार्ड संख्या 15 और खातीपुरा मंडल के वार्ड संख्या 18 में कुल आठ विकास कार्यों का शिलान्यास को लोकार्पण किया जिनका सीधा फायदा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। जानकारी के अनुसार दिया कुमारी वैसे तो प्रदेश भर में विकास कार्यों को तेजी से संपादित कर रही हैं दिया कुमारी के अधीन जितने भी विभाग हैं उन सभी विभागों में पिछले सवा दो साल में शानदार और ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। जिसकी वजह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी दिया कुमारी के कामकाज से काफी खुश और प्रभावित हैं जानकारी के अनुसार दिया कुमारी प्रदेश के भजनलाल सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार में तो बड़ी भूमिका निभा रही हैं । इसके अलावा पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में भी उनकी काफी अच्छी भूमिका है इसी क्रम में उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र विद्याधर नगर में जन संवाद और जन भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के माध्यम से पार्टी के संगठन को मजबूती देने में जुटी हुई है जानकारी के अनुसार दिया कुमारी अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार जन संवाद और जन भागीदारी भागीदारी बढ़ाने जैसे नए प्रयोग शुरू किए हैं जिसके माध्यम से दिया कुमारी नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से अलग-अलग इलाकों में जाकर व्यक्तिगत मुलाकात करती हैं उनकी समस्याओं को सुनती हैं और उनकी समस्याओं का निवारण भी करती हैं इस दौरान पार्टी के



संगठन से जुड़े लोगों को भी मौके पर बुलाया जाता है और संगठन से जुड़े लोगों को यह कहा जाता है कि वह लगातार क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करते रहें और उनकी समस्याओं को लगातार सरकार तक पहुंचाते रहें ताकि जनता और पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों के बीच आपस का तालमेल और समन्वय मजबूत होगा जिसका सीधा फायदा पार्टी को भी मिलेगा। इसीलिए इन जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से दिया कुमारी विद्याधर नगर इलाके में लगातार पार्टी को मजबूती दिलाने में बड़ी भूमिका निभा रही है दिया कुमारी का कहना है कि यह प्रयोग जयपुर के अन्य विधानसभा क्षेत्र के अलावा प्रदेश भर के विधानसभा क्षेत्र में लागू किया जाएगा मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि मिडिल ईस्ट युद्ध की वजह से देश और पूरी दुनिया में चुनौती पूर्ण हालत बने हुए हैं लेकिन इन चुनौती पूर्ण हालातो में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश हित के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रदेश के लोगों से भी कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन चरित्र और व्यवहार को आत्मसात करते ही प्रदेश और देश के विकास और कल्याण में अपनी अहम भूमिका निभाएं द्य दिया कुमारी ने विकास कार्यों का लोकार्पण करने के दौरान कहा कि जितनी जिम्मेदारी मिलना महत्वपूर्ण होता है उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को ईमानदारी से और कर्मठता से निभाना महत्वपूर्ण होता है ।

## तेल संकट के लिए पहले से ही तैयार हो रहा था भारतः नरेंद्र मोदी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद को संबोधित किया उन्होंने ऊर्जा संकट को लेकर भारत की पहले से की जा रही तैयारी के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में फंसे हजारों लोग वापस अपने देश लौटे हैं और जो लोग खाड़ी देशों में मौजूद हैं सरकार और वहां की भारतीय एंबेसी उनके लिए पर्याप्त इंतजाम कर रही है इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि उन्होंने स्वयं ने इस क्षेत्र में मौजूद सभी देशों के नेताओं से बातचीत की है ऊर्जा जरूरत को लेकर बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश ऐसे ही संकट के



लिए पहले से तैयारी कर रहा था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा कि हम सभी जानते हैं कि देश 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है इसकी सप्लाई में अनिश्चित के कारण घरेलू उपयोग में वृद्धि की है इसके अलावा विदेशों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने पहले से ही इसके घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे संकट की आशंका थी इसलिए भारत ने ऊर्जा आयात के केदो का विकेंद्रीकरण किया है उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात के केंद्र का विकेंद्रीकरण किया है पहले हम क्रूड तेल एल पीजी जैसी जरूरी चीजों का 27 देश से आयात किया जाता था आज के समय में यह बढ़कर 41 देश से हो गया है बीते दशक में भारत में संकट के ऐसे ही समय में कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी आज हमारे पास 53 लाख मैट्रिक टन कच्चे तेल का भंडारण क्षमता मौजूद है देश 63 लाख मैट्रिक टन भंडारण क्षमता पर काम कर रहा है इसके अलावा हमारे तेल कंपनियों के पास जो भंडारण है वह अलग है

## जयपुर पूर्व में नया स्वर्णिम अध्याय लिखने को तैयार नई डीसीपी रंजीताशर्मा, कांटों के ताज को फूलों का गुलदस्ता बनाने की तैयारी

*स्वोर्ड ऑफ़ ऑनर से सम्मानित होकर भारत में नया इतिहास रचने वाली रंजीता शर्मा की काबिलियत और जांबाजी पर प्रदेश की भजनलाल सरकार और पुलिस मुख्यालय को भी है पूरा भरोसा*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** आईपीएस की अपनी ट्रेनिंग अवधि में ही स्वोर्ड आफ ऑनर से सम्मानित होकर भारत की पुलिसिंग में नया इतिहास लिखने वाली युवा जांबाज, कर्मठ और दबंग आईपीएस रंजीता शर्मा को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने जयपुर में एक ऐसे इलाके की जिम्मेदारी दी है जो काफी संवेदनशील तो है ही इसके अलावा रोजाना वीवीआईपी मोमेंट को लेकर सुर्खियों में रहता है, यह इलाका जमीन जायदाद के अवैध कारोबार और संगठित अपराध गिरोह की गतिविधियों के लिए तो जाना जाता है ही इसके अलावा इलाके में बड़े-बड़े शैक्षणिक, बड़े-बड़े मॉल व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र होने की वजह से अपराध जगत से जुड़े लोगों की शरण स्थली के लिए भी माना जाता है। ऐसे कठिन और विपरीत परिस्थितियों से से जूझने वाले जयपुर पूर्व इलाके में एक जांबाज महिला आईपीएस की नियुक्ति आने वाले दिनों में यहां क्या गुल खिलाएगी यह तो समय बताएगा लेकिन इतना जरूर है कि अब तक रंजीता शर्मा को जहां-जहां सरकार ने काम करने की जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को इस महिला आईपीएस ने बहुत ही खूबसूरती और शानदार तरीके से निभाया है शायद यही वजह है कि शासन के मुखिया भजनलाल शर्मा इस महिला आईपीएस की नौकरी के पिछले कार्यकाल की गतिविधियों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी रखते थे इसीलिए इस महिला अधिकारी को जयपुर ईस्ट का डीसीपी नियुक्त करके एक बहुत बड़ा दाव खेला है। यहां पिछले डीसीपी संजीव नेन का कार्यकाल भी काफी अच्छा रहा अब यहां रंजीता शर्मा की नियुक्ति से निश्चित रूप से जयपुर पूर्व इलाके में कानून और शांति व्यवस्था को और मजबूती तो मिलेगी ही इसके अलावा इलाके में अपराध जगत से जुड़े लोगों में भी कहीं ना कहीं घबराहट जरूर छा गई है क्योंकि अब से पहले रंजीताशर्मा दोसा जैसे संवेदनशील जिले में भी बहुत ही शानदार तरीके से





### अपने ट्रेनिंग पीरियड में 150 आईपीएस अफसर के बैच में स्वोर्ड आफ ऑनर से सम्मानित होने वाली देश की पहली महिला आईपीएस अफसर बनी

रंजीता शर्मा 2019 आईपीएस बैच की अधिकारी हैं अपने आईपीएस ट्रेनिंग पीरियड में हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रेनिंग सेंटर में इन्हें अपने ट्रेनिंग बैच के 150 आईपीएस अफसर में स्वोर्ड ऑफ़ ऑनर के लिए चुना गया था। 50 ट्रॉफी में आठ ट्रॉफी अकेले रंजीता शर्मा ने हासिल की थी, तलवारबाजी, स्विमिंग इत्यादि विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके इस महिला अधिकारी ने अपनी काबिलियत और जांबाजी को सिद्ध किया, यहां अब से पहले स्वोर्ड आफ ऑनर पुरस्कार हमेशा पुरुष आईपीएस को ही मिलता हुआ आया था यह देश में पहली बार था जब रंजीता शर्मा जैसी बहादुर महिला आईपीएस अफसर को यह महत्वपूर्ण सम्मान मिला इसलिए अपनी काबिलियत, दबंगई और जांबाजी का दर्शन रंजीता शर्मा ने अपने ट्रेनिंग पीरियड के दौरान ही सबको करवा दिए थे ट्रेनिंग पीरियड में उनके अभूतपूर्व कौशल और प्रदर्शन को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी काफी इनसे प्रभावित हुए थे।

अपनी जिम्मेदारी को निभाकर सुर्खियों में रह चुकी है। कोटपूतली बहरोड में भी इनकी वर्किंग स्टाइल का व्यवहार से लोग काफी खुश और प्रभावित हुए थे, वर्ष 2019 बैच की इस महिला आईपीएस को प्रदेश में जिस जिस जगह पर नियुक्ति मिली वहां के लोग, सामाजिक और व्यापारिक संगठन से जुड़े लोग अब भी काफी मिस करते हैं इसलिए चर्चा है कि जयपुर ईस्ट में भी रंजीता शर्मा पुलिसिंग का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय लिख सकती हैं जो हमेशा हमेशा के लिए जयपुर पूर्व के लोगों और प्रदेश सरकार के लिए एक शानदार और अनुभव को महसूस करवाती रहेगी ।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
24 मार्च, 2026

## निःशुल्क जॉच शिविर मे 80 मरीजों को मिला परामर्श



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्रीमती बर्फी देवी पुरुषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास मे श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा आयोजित निःशुल्क फेफडों की जॉच (स्पाईरोमेट्री) बी.पी., शुगर (रेंडम), ॥ड्ढ1ष् टेस्ट, थाइरॉइड (ञ्जस्॥), की जॉच कि गई। एवं डॉ0 जी.एस राठौड वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा परामर्श दिया गया। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 23 मार्च 2026 सोमवार को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शिविर में 80 मरीजो की निःशुल्क फेफडों की जॉच (स्पाईरोमेट्री) बी.पी., शुगर (रेंडम), ॥ड्ढ1ष् टेस्ट, थाइरॉइड (ञ्जस्॥), जॉच की गई। शिविर में सर्वप्रथम महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता, गोविन्द गोयल चिकित्सालय संयोजक, पूर्व मंत्री विष्णु गोयल, डॉ. निमिषा एवं एस.एन. अग्रवाल ने अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर कैम्प की शुरूआत की एवं मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, संजय मित्तल, अनिल अग्रवाल (गुडवाले), सुरेश अग्रवाल गढवाले व पदम चन्द अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल आदि ने कैम्प में अपना सहयोग प्रदान किया।

## दक्षिता कुमावत एवं हार्दिक शाह बने शतरंज चैंपियन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 17 (ओपन एंड गर्ल्स) फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का सफल समापन हुआ। समापन समारोह में टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ राकेश गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों को आगामी नेशनल चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि मनीष जैन, अमित गोयल, विनेश शर्मा, जयंत चतुर्वेदी, प्रमोद गुप्ता, अरुण जोशी रहे। विजेता खिलाड़ियों को 51000 के प्राइजेस ट्राफी वितरित किए गए। चतुरंग डेवलपमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण जोशी ने सभी प्रतिभागियों को मेडल वितरित गए। आयोजन सचिव हरिओम भड़ाना ने बताया कि अंडर 17 ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान हार्दिक शाह(अजमेर), द्वितीय स्थान अरनव गुप्ता (जयपुर), तृतीय स्थान रुद्र दमन मेड़तिया (जयपुर), चतुर्थ स्थान रुद्र काव्या (जयपुर) एवं अंडर 17 गर्ल्स में प्रथम स्थान दक्षिता कुमावत (उदयपुर), द्वितीय आराध्य उपाध्याय (भीलवाड़ा), तृतीय अनन्या सांकला (बीकानेर), चतुर्थ आरोही शर्मा (जयपुर) रही। रक्षक सेफर फाउंडेशन से प्रेरणा गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं निर्णायको को पौधे भेंट किए। इस दौरान निलेश कुमावत, हर्षवर्धन जोशी, रजनीश जैमन, यश सोमवंशी, प्रदीप शर्मा, प्रेरणा गुप्ता, हर्षित टोंक उपस्थित रहे।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने करणी माता के दरबार में चढ़ाई चुनरी, की प्रदेश की खुशहाली की कामना

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने परिवार सहित करणी माता के दरबार में पहुंचकर श्रद्धा भाव से चुनरी चढ़ाई। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। करणी माता मंदिर पहुंचने पर महंत विपिन शर्मा ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। वहीं करणी माता मेला समिति के संयोजक राजेश जोशी ने टीकाराम जूली को पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर करणी माता व्यवस्था समिति के कोषाध्यक्ष नरेश चौधरी ने आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में योगेश मिश्रा, गौरी शंकर विजय, डॉ. संदीप सैनी, सोनू गोपालिया, राहुल पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने माता के दरबार में प्रदेश की उन्नति और शांति के लिए प्रार्थना की।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागवार समीक्षा के दौरान 30 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर फीडबैक प्राप्त करें तथा उसका विधिवत रिकॉर्ड संधारित करें, जिससे निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। बैठक में विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं—प्रधानमंत्री कुसुम योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वामित्व योजना, 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, हरियालो राजस्थान तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी)—की प्रगति की समीक्षा की गई।

### जनता की जान से खिलवाड़

# किराना बन रहा अवैध दवा बाजार, सिस्टम फेल या मिलीभगत का खेल ?

जयपुर टाइम्स


**अलवर(निसं.)।** शहर सहित जिले में इन दिनों एक चिंताजनक प्रवृत्ति सामने आ रही है जहां किराने की दुकानों पर खुलेआम अंग्रेजी (एलोपैथिक) दवाइयों की बिक्री की जा रही है। बिना किसी लाइसेंस और योग्य फार्मासिस्ट की निगरानी के दवाओं की बिक्री न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यह आम लोगों की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ भी साबित हो सकती है

### नियमों की खुली अनदेखी

दवा बेचने के लिए ड्रग लाइसेंस और प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की मौजूदगी अनिवार्य होती है, लेकिन कई जगहों पर किराना दुकानदार बिना किसी अनुमति के दर्दनिवारक, एंटीबायोटिक और अन्य दवाइयां बेच रहे हैं

### ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में ज्यादा

गांवों व कस्बों मे यह स्थिति अधिक देखने को मिल रही है, जहां लोग आसानी और सस्ती उपलब्धता के कारण इन दुकानों से दवाइयां खरीद लेते हैं।



### स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा

गलत दवा या गलत मात्रा लेने से मरीज की हालत बिगड़ सकती है एंटीबायोटिक दवाओं का बिना डॉक्टर की सलाह के सेवन करने से शरीर में दवा प्रतिरोध (रेजिस्टेंस) विकसित हो सकता है जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।

### हादसा होने पर जिम्मेदारी किसकी?

अगर किसी व्यक्ति को गलत दवा देने से कोई दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी नुकसान होता है, तो कानूनी रूप से जिम्मेदारी उस दुकानदार की मानी जाएगी जो अवैध रूप से दवा बेच रहा है इसके साथ ही संबंधित विभागों की लापरवाही भी सवालों के घेरे में आती है जिन्होंने समय रहते कार्रवाई नहीं की।

### मिलीभगत की आशंका

लोगों का आरोप रहता है कि इस तरह की अवैध बिक्री बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है इन दुकानों पर कार्रवाई न होना संदेह को और गहरा करता है यदि यह सच है तो यह एक गंभीर प्रशासनिक विफलता मानी जाएगी।

### इन दुकानों पर कार्रवाई जरूरी

अवैध रूप से दवाइयां बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, नियमित जांच अभियान चलाए जाएं और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

### सब मिलकर निभाए जिम्मेदारी

किराना दुकानों पर अंग्रेजी दवाइयों की बिक्री एक गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रशासन, दुकानदार और आमजन—तीनों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी इस समस्या का समाधान संभव है।

## वन राज्यमंत्री ने शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

### युवा शहीद भगतसिंह से प्रेरणा लेकर देश की उन्नति में करें सहयोग - मंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सोमवार को शहीद दिवस के उपलक्ष्य में अलवर स्थित भगत सिंह सर्किल पर शहीद-ए-आजम भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

मंत्री शर्मा ने शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ क्रांति की मशाल जलाने वाले भारत माता के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह माँ भारती के सच्चे आराधक थे। उनके साथ साथ सुखदेव और राजगुरु ने भी इसी दिन बलिदान दिया था इसकी स्मृति में प्रतिवर्ष इस दिन शहीद दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों ने अपने अद्वितीय संघर्ष से स्वाधीनता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की इसके लिए देश इनके अतुल्य त्याग और बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने संयुक्त व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हरविंदर सिंह के आग्रह पर पीएम नवीन उच्च माध्यमिक



विद्यालय अलवर में भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा नगर निगम लगवाने तथा पार्क विकसित कराए जाने का आश्वासन दिलाया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, प्रमोद मलिक, राजेश रवि, प्रदीप पंचौली, सीताराम चौधरी, सुमन चौधरी, हरमिन्दर सिंह, विष्णु शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर अलवर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम का शुभारंभ आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँती अलवर जिले में दिनांक 24 मार्च मंगलवार को जन-जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी विविध गतिविधियों का आयोज होगा। इसी क्रम में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के फैस-2 का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्द्घाटन वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा द्वारा किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी, अलवर डॉ. कपिल भारद्वाज ने बताया कि फैस-1 (2025) की प्रमुख उपलब्धियाँ भी शामिल होगी। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2025 में उल्लेखनीय सफलताएँ प्राप्त हुई जिसमे जिले में संभावित टीबी रोत्रियों की 4.30 लाख की लक्षित जनसंख्या की 100' स्क्रीनिंग पूर्ण की गई। वहीं वर्ष 2025 में 7479 नोटिफाई टीबी मरीजों में से 3779 रोत्रियों का सफल उपचार किया जा चुका है, शेष का उपचार प्रगति पर है। यह उपलब्धियाँ टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। फैस-2 (2026) की प्रमुख अतिविधियाँ इस तरह होगी, जिसमें टीबी उन्मूलन को गति देने के लिए इस वर्ष निम्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जिले के चिन्हित 174 टीवी हाई रिस्क गांवों की 100' जनसंख्या की स्क्रीनिंग।भारत सरकार द्वारा अलवर जिले को दो नई हाइटेक हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। वर्तमान में जिले में 6 सीबीएनात एवं 12 ट्रूनात मशीनें टीवी जांच के लिए सक्रिय हैं। '100 डेज प्रोग्राम' के अंतर्गत प्रत्येक गांव में त्वरित एक्स-रे आधारित जांच अभियान। संभावित टीबी रोगियों की पहचान हेतु ई-निक्षय पोर्टल एवं निक्षय डेटा आधारित विश्लेषण का उपयोग। ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्धियाँ : टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत अलवर जिले ने निरंतर प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2023 में 3 ग्राम पंचायतें टीवी मुक्त घोषित। वर्ष 2024 में संख्या बढ़कर 30 पंचायतें। वर्ष 2025 में 115 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित। वर्ष 2026 में अब तक 174 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्ष 2017 से लगातार गति पकड़ते हुए उल्लेखनीय परिणाम दे रहा है।

आगे की रूपरेखा इस तरह होगी जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवीन तकनीकों के उपयोग, हाई रिस्क मांवों की व्यापक स्वत्रिनिंग, समुदाय आधारित जागरूकता, तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से अलवर जिला आगामी वर्षों में पूर्णतः टीबी मुक्त जिला बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## शहीदी दिवस पर 'माय भारत' अलवर द्वारा पदयात्रा का आयोजन

### वन राज्य मंत्री शर्मा ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने शहीदी दिवस के अवसर पर माय भारत अलवर द्वारा आयोजित 'माय भारतः माय रिस्पांसिबिलिटी' पदयात्रा कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने शहीदी दिवस के अवसर पर अमर शहीदों के बलिदान को याद करने और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने हेतु 'माय भारत केंद्र द्वारा पदयात्रा के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रगाढ करते है तथा इन आयोजनों के माध्यम से युवापीढी देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले हमारे अमर शहीदों के बारे में जान सकेंगे। इस दौरान युवाओं द्वारा भगत सिंह अमर रहे एवं वंदे मातरम के नारो से वातावरण गुंजायमान कर दिया। पदयात्रा भगत सिंह चौराहे से शुरू होकर शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई। पदयात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी को शहीदों के पदचिह्नों पर चलने और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना रहा।

### क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान वन राज्यमंत्री ने 'माय भारत पोर्टल' पर आयोजित शहीदी दिवस क्विज प्रतियोगिता के 10 विजेताओं को माय भारत टी शर्ट देकर सम्मानित किया। एवं माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जा रही क्विज प्रतियोगिता एवं 'एक युवा ऐसा भी' रील प्रतियोगिता में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, माय भारत के कॉर्डिनेटर पंकज यादव, पं. जलेसिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन तथा युवा मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने की पाटन में भैरू बाबा के मेले एवं पद दंगल कार्यक्रम में शिरकत

### राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रैणी तहसील के गांव पाटन में आयोजित श्रीश्री 1008 भैरू बाबा के मेले एवं पद दंगल कार्यक्रम में शिरकत की। वन राज्यमत्री शर्मा ने भैरू बाबा के मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजगढ-लक्ष्मणगढ क्षेत्र से आत्मीय नाता रहा है। उन्होंने कहा कि पाटन गांव में आयोजित भैरू बाबा का मेला सामाजिक सौहार्द, धामिक समरस्ता एवं भाईचारे की मिसाल प्रस्तुत करता है। उन्होंने का कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास लिए कृतसंकल्पि है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विगत ढाई वर्षों के कार्यकाल में जिले को विकास अनेकों सौगातें दी गई है, जिन्हें धरातल पर मूर्त रूप प्रदान करते हुए विकास को आगे बढाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र में सडकों एवं विकास योजनाओं की विशेष सौगाते दी गई है। ग्रामीणों की सडक की मांग पर उन्होंन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस विषय पर अवगत कराने का विश्वास दिलाया। इस दौरान उन्होंने पद दंगल के पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विजय समर्थलाल मीणा, जितेन्द्र राठौड, पं. जलेसिंह, विष्णु शर्मा, किशनलाल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# फर्जी स्कूल और कोचिंग पर रोक लगे, बच्चों के भविष्य से न हो खिलवाड़ - लालाराम ठाकुर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान, अलवर (राजस्थान) की जिला स्तरीय बैठक सोमवार को श्री अग्रवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर में जिला अध्यक्ष लालाराम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत किया गया। कार्यक्रम में निजी विद्यालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष भगवान स्वरूप शर्मा, प्रदेश महामंत्री वीनेश शर्मा, जिला अध्यक्ष लालाराम ठाकुर, विनोद शर्मा और सुरेंद्र यादव का अतिथियों के रूप में स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विनोद शर्मा ने कहा कि निजी विद्यालयों के हितों की सुरक्षा करना



शिक्षा विभाग का दायित्व है, जबकि विद्यालय प्रबंधन को अपने स्टाफ के हितों की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रदेश महामंत्री वीनेश शर्मा ने आरटीई के अंतर्गत P4, P5, P6 कक्षाओं के पुनर्भरण भुगतान का मुद्दा उठाते हुए बताया कि वर्ष 2018 तक सरकार इन कक्षाओं की फीस का भुगतान करती थी, लेकिन वर्तमान में प्रवेश के बावजूद भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि एक ओर सरकार प्रवेश के लिए बाध्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर न सरकार और न ही अभिभावक भुगतान कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष भगवान स्वरूप शर्मा ने आरोप लगाया कि अलवर शहर व जिले में बड़ी संख्या में बिना मान्यता के फर्जी स्कूल और कोचिंग संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ संस्थान टाइपिंग के आधार पर विद्यालय चला रहे हैं या कोचिंग के नाम पर अवैध प्रवेश ले रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग इस पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने विभाग पर मिलीभगत के भी आरोप लगाए और ऐसे संस्थानों को तत्काल बंद करने की मांग की। जिलाध्यक्ष लालाराम ठाकुर ने कहा कि बजट उपलब्ध होने के बावजूद आरटीई का भुगतान लंबित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिना मान्यता के स्कूल और कोचिंग संचालित हो रहे हैं, लेकिन दबाव के कारण विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है, जिससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बैठक के बाद संगठन के पदाधिकारी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। इस पर एडीओ गजराज गौड़ (माध्यमिक मुख्यालय) ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। महासचिव सुरेंद्र यादव ने चेतावनी दी कि यदि पांच दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो तहसील एवं जिला स्तर पर शिक्षा विभाग कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर ओपी शर्मा, दीपक पंडित, सुनील बिलखा, धर्मवीर चौधरी, मोना दुबे, नितेश परवाना, भरत दहिया, नरेश शर्मा, लोकेश शर्मा, पंकज मित्तल, रेखा मिश्रा, रामस्वरूप सैनी, जगराम शर्मा, संदीप पंडित, अजीत सैनी, कालूराम गुर्जर, मोहित पंडित सहित सैकड़ों विद्यालय संचालक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री प्रदेश की व्यवस्थाओं को सुधारने की जगह मुझ पर व्यक्तिगत कमेंट करते हैं : अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को एक बार फिर से अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से प्रदेश की भजनलाल सरकार पर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री प्रदेश की व्यवस्थाओं को सुधारने की जगह मुझ पर व्यक्तिगत कमेंट्स कर रहे हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पहले प्रदेश की व्यवस्थाओं को देखना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विश्व स्तर की चिकित्सा व्यवस्था को प्रदेश सरकार ने पूरी तरह से धराशाई कर दिया है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में चिकित्सा मॉडल और चिकित्सा व्यवस्था की पूरे देश और विश्व में तारीफ हुई।लेकिन



आज उनके सरकार की ओर से लागू की गई चिकित्सा व्यवस्था को वर्तमान सरकार ने धराशाई कर दिया है उन्होंने कहा कि प्रदेश के सवाई मानसिक अस्पताल और जेके लोन अस्पताल जैसे अस्पतालों में खून की कमी है। मरीज और उनके खून के लिए तरस रहे हैं अस्पतालों में मरीजों को समुचित सुविधाएं नहीं मिल रही इन व्यवस्थाओं को सुधारने की जगह मुख्यमंत्री उन पर व्यक्तिगत कमेंट करते रहते हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक कार्यक्रम में अशोक गहलोत का नाम लिए बिना कहा था आप तो दोनों पांव पर पट्टियां बांध लेते थे जनता के बीच जाकर समस्याओं को नहीं सुनते थे इस बयान के बाद प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर पलटवार करते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए और अपने पद की गरिमा के अनुरूप ही उन्हें बयान देना चाहिए उन्होंने जो बयान पूर्व मुख्यमंत्री को लेकर दिया है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है क्योंकि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को पूर्व मुख्यमंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का उपयोग करना शोभा नहीं देता सोमवार को अशोक गहलोत ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सलाह दी है कि उन पर व्यक्तिगत कमेंट करने की जगह सरकार की व्यवस्थाओं को सुधारने में गंभीरता से ध्यान दें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि महत्वपूर्ण विषयों और महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर वे लगातार सरकार का ध्यान आकृष्ट करते रहते हैं लेकिन सरकार गंभीर विषय और गंभीर मुद्दों को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत पिछले कुछ दिनों से लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से महत्वपूर्ण विषयों और महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करके प्रदेश की भजन लाल सरकार को कटघरे में भी खड़ा करने का प्रयास करते हैं और सरकार को कार्य करने के लिए रिक्वेस्ट भी करते हैं अभी हाल ही में अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राज्यसभा चुनाव में चुनाव की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा था कि प्रदेश में पिछली सरकार में कांग्रेस के 102 विधायक थे लेकिन राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों को 126 वोट मिले जो यह दिखाता है कि राज्यसभा चुनाव में बड़े स्तर पर क्रॉस वोटिंग होती है इसलिए क्रॉस वोटिंग को देखते हुए राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया में अब बदलाव करने की जरूरत है जो भी विधायक पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ अगर वोट करता है तो उसकी सदस्यता को रद्द करने का नियम बनाना चाहिए उन्होंने कहा कि बिहार और अन्य राज्यों में राज्यसभा के चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग हुई है इसलिए अब यह समय की मांग है कि राज्यसभा चुनाव में चुनाव की प्रक्रिया को बदल जाए।

## तस्करों और पुलिस के बीच फिल्मी स्टाइल में 15 राउंड भीषण फायरिंग, तस्कर डोडा पोस्त से भरी पिकअप छोड़कर भाग गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में धरियावद थाना इलाके में सोमवार की सुबह पिकअप में सवार तस्कर और पुलिस के बीच फिल्मी अंदाज में भीषण फायरिंग हुई। पुलिस ने करीब 10 किलोमीटर दूर तक तस्करों का पीछा भी किया जवाबी फायर भी किया इस दौरान पुलिस की जोरदार जवाबी कार्रवाई को देखकर तस्कर जंगल में अवैध मादक पदार्थ से भरी पिकअप को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप से 762 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है जिसकी कीमत एक करोड़ 14 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस बरामद की गई पिकअप के आधार पर फरार तस्करों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है क्योंकि जहां पिकअप को छोड़कर तस्कर फरार हुए थे। वहां पूरा इलाका घना जंगली है इसलिए जंगल का फायदा उठाकर तस्कर विलुप्त हो गए लेकिन पुलिस ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया हुआ है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि धनोतर से धरियावद की ओर अवैध मादक पदार्थ से भरी पिकअप का मूवमेंट है। इसलिए धरियावद पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ नाकेबंदी के लिए तैनात थे सोमवार की सुबह धंसी की ओर से आ रही पिकअप को नाकेबंदी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने रोकने का इशारा किया लेकिन पिकअप में सवार दो युवकों ने पुलिस कर्मियों पर फायर किए और फिर नाकाबंदी को तोड़कर पिकअप के साथ फरार हो गए पुलिस पहले से ही पूरी तरह से तैयार बैठी थी इसलिए पुलिस ने पिकअप का पीछा किया लेकिन इस दौरान पिकअप में सवार तस्करों ने करीब 15 राउंड पुलिस पर फायर किए। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की करीब 10 किलोमीटर तक पुलिस तस्करों का पीछा करती रही इस दौरान पुलिस की जबरदस्त जवाबी कार्रवाई से पिकअप में सवार तस्कर घबरा गए और उन्होंने जंगल में अपनी पिकअप को खड़ा किया और खुद पैदल ही फरार हो गए बाद में पुलिस ने पिकअप से करीब 762 किलो डोडा बरामद किया है पुलिस फरार तस्करों की तलाश कर रही है लेकिन खबर लेकर जाने तक तस्कर पुलिस की पकड़ से बाहर थे।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु लालकुआं-राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल (4 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु लालकुआं-राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल (4 ट्रिप) रेलसेवा का का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 05045, लालकुआं-राजकोट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 5.4.26 से 26.04.26 तक (4 ट्रिप) लालकुआं से प्रत्येक रविवार को 12.35 बजे रवाना होकर सोमवार को जयपुर स्टेशन पर 00.35 बजे आगमन व 00.45 बजे प्रस्थान कर 18.10 बजे राजकोट पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 05046, राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 6.4.26 से 27.4.26 तक (4 ट्रिप) राजकोट से प्रत्येक सोमवार को 22.30 बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर 16.25 बजे आगमन व 16.35 बजे प्रस्थान कर बुधवार को 5.15 बजे लालकुआं पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किच्छा, बहेड़ी, इज्जत नगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, उझानी, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जंक्शन, भरतपुर, दौसा, जयपुर, फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड, गोटन, जोधपुर, लूनी, समदड़ी, मोकलसर, जालौर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना, विरमगाम, सुरेंद्रनगर व वांकानेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड श्रेणी सहित 20 डिब्बे होगें।

## जयपुर में सिक्योरिटी गार्ड की सनसनीखेज तरीके से हत्या, चेहरे को पत्थर से कुचला गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के गलता गेट थाना इलाके में ब बासबदनपुरा इलाके में एक सिक्योरिटी गार्ड की सनसनीखे इस तरीके से हत्या कर दी गई इस हत्याकांड के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है खबर लेकर जाने तक हत्या करने वाले लोगों के बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतक की बॉडी को कब्जे में किया है घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद घटनास्थल से आवश्यक सुराग और तथ्य भी जुटाए गए हैं पुलिस ने मौके पर फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को भी बुलाया है हत्यारे कौन है और इस वारदात को क्यों अंजाम दिया गया इसके बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी लेकिन मृतक की पहचान 51 वर्षीय प्रमोद कुमार के रूप में हुई है पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया है, मृतक के सर और चेहरे को पत्थर से कुचला गया है बहुत ही निर्दय तरीके से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है जानकारी के अनुसार मृतक प्रमोद कुमार मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और यहां बास बदनपुरा इलाके में किराए से रहता था तथा सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था पुलिस को मौके पर अभी तक ऐसा कोई ठोस सुराग हत्या करने वाले लोगों के बारे में नहीं मिला है लेकिन पुलिस को संदेह है की हत्या करने वाले लोग एक से ज्यादा हो सकते हैं इसके अलावा पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण फुटेज भी मिले हैं जिनके आधार पर संदिग्ध लोगों की पहचान की जा रही है इसके अलावा मृतक के मोबाइल फोन कॉल डिटेल की भी गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है आखरी बार मृतक ने किस से बात की थी और मृतक की किस-किस व्यक्ति से कितनी कितनी देर तक हाल के दिनों में बातचीत हुई इन सब के बारे में पुलिस जानकारी हासिल करने का प्रयास करके अज्ञात हत्यारे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है इसके अलावा मृतक के परिजनों और मृतक के साथ काम करने वाले लोगों से भी पूछताछ करके यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मृतक की किसी से दुश्मनी तो नहीं थी या फिर पैसों के लेनदेन के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया इन सब के बारे में पुलिस की जांच जारी है द्य

## जयपुर में 1000 किलो नकली पनीर, 800 किलो घी और 4800 किलो नकली मिर्च पाउडर बरामद किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के जवाहर नगर थाना इलाके में रविवार की देर रात पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक गाड़ी से करीब 1000 किलो नकली पनीर और करीब 800 किलो नकली घी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात पुलिस की एक टीम इलाके में निगरानी कर रही थी तभी क्वालिटी पनीर सेंटर के सामने एक गाड़ी खड़ी हुई दिखाई दी। जिस पर पुलिस को संदेह हुआ पुलिस ने गाड़ी में तलाशी ली तो गाड़ी में 11 कंटेनर पनीर और घी से भरे हुए मिले यहां पनीर और घी के स्वरूप को देखकर पुलिस को संदेह हुआ कि यह नकली माल है पुलिस ने तुरंत ही चिकित्सा और खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी इस मामले में सूचित किया। बरामद किए गए पनीर और घी के सैंपल जांच के लिए लिए गए हैं और इन्हें लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा गया है प्रथम दृश्य बरामद किया गया पनीर और घी अलवर के मेवात क्षेत्र से क्वालिटी पनीर सेंटर के लिए आया था क्वालिटी पनीर केंद्र की ओर से यहां से शहर में स्थित अन्य डेयरी बूथ में पनीर और घी सप्लाई किया जाता है जानकारी के अनुसार बरामद किए गए पनीर और घी कंटेनर में बर्फ के नीचे छुपा कर रखे गए थे अब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, गौरतलब है कि जवाहर नगर थाना इलाके में पहले भी मेवात क्षेत्र से आए नकली घी पनीर को बरामद किया गया है इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि मेवात क्षेत्र में नकली खाद्य सामग्री तैयार करने वाले लोगों के लिए जवाहर नगर का इलाका अपनी माल सप्लाई के लिए एक अच्छा केंद्र बना हुआ है लेकिन स्थानीय पुलिस की ओर से समय-समय पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है और समय-समय पर इलाके में नकली पनीर घी और अन्य खाद्य सामग्रियां बरामद की है इसी तरह से जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में 4800 किलो मिलावटी मिर्च पाउडर और मसाला बरामद किया गया है यह कार्रवाई जिला रसद और खाद्य विभाग की ओर से की गई है खाद्य विभाग की टीमों ने मिलावटी मसाला और मिर्च पाउडर का सैंपल जांच के लिए लेबोरेटरी भिजवाया है प्रथम दृश्य बरामद किया गया मिर्च पाउडर और मसाला नकली होने के पुख्ता संकेत मिले हैं द्य उल्लेखनीय है कि प्रदेश के भजनलाल सरकार नकली खाद्य सामग्री तैयार करने वाले और बेचने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन रसद विभाग और चिकित्सा विभाग को साफ निर्देशित किया है इसके फलस्वरूप राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में रोजाना जगह-जगह छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर नकली की पनीर और अन्य खाद्य सामग्री तथा मिर्च पाउडर मसाला इत्यादि सभी बरामद किए जा रहे हैं लगातार नकली खाद्य पदार्थ बरामद भी किया जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी नकली मावा पनीर घी इत्यादि खाद्य सामग्री तैयार करने वाले और इन खाद्य सामग्री को बेचने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं लोगों का कहना है कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इन नकली खाद्य सामग्री तैयार करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की बड़ी जरूरत है लोगों का कहना है कि नकली खाद्य सामग्री तैयार करने वालों के लिए सीधे फांसी की सजा मुकर्रर की जाए।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एयरफोर्स कर्मचारी सुमित 2 अप्रैल तक रिमांड पर, वर्ष 2023 से पाक हैंडलर्स को भेज रहा था महत्वपूर्ण सूचना

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान इंटेलिजेंस और एयरफोर्स प्रशासन की ओर से हाल ही में असम के झाबुआ एयरपोर्ट स्टेशन पर तैनात एयर फोर्स कर्मचारी सुमित को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था सुमित को जयपुर में राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से कोर्ट में प्रस्तुत किया गया और कोर्ट से पूछताछ के लिए रिमांड मांगा था जिस पर कोर्ट ने आगामी 2 अप्रैल तक पूछताछ के लिए सुमित को रिमांड पर भेजने के आदेश दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार सुमित से पहले राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से झावाराम को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में अरेस्ट किया गया था झावाराम से हुई पूछताछ के बाद राजस्थान इंटेलिजेंस सुमित की गतिविधियों पर नजर जमी हुई थी और उसके मोबाइल फोन कॉल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की गतिविधियों पर गुपचुप में जानकारी हासिल की जा रही थी बाद में राजस्थान इंटेलिजेंस को जब सुमित के बारे में पक्के सबूत मिल गए तो हाल ही में राजस्थान इंटेलिजेंस और एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम देते हुए असम के झाबुआ एयरपोर्ट स्टेशन पर तैनात कर्मचारी सुमित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि सुमित वर्ष 2023 से ही एयरफोर्स और अन्य सामरिक महत्व की सूचनाओं को लगातार पाकिस्तान में बैठे पाक हैंडलर्स को भेज रहा था। इसके बदले सुमित को पैसा भी मिल रहा था राजस्थान इंटेलिजेंस की जांच पड़ताल में सामने आ रहा है कि एक बड़ा गिरोह है जो पाकिस्तान के लिए लगातार सामरिक महत्व की सूचना भेज रहा है इसलिए इंटेलिजेंस अपनी स्तर पर गुपचुप में इस पूरी जांच प्रक्रिया को अंजाम दे रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले कई और लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है असम एयर फोर्स स्टेशन पर तैनात एयरफोर्स के कर्मचारियों को जिस तरह से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है उसके बाद यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान पैसों के लालच में इंडियन मिलिट्री में नियुक्त कर्मचारियों को भी येन केन प्रकरण अपने जाल में फंसा रहे हैं इसके लिए हनी ट्रैप के माध्यम से भी भारत के युवाओं को अपने जाल में फसाया जा रहा है। सुमित ने कई महत्वपूर्ण सूचनाओं एयरफोर्स के संदर्भ में भी पाकिस्तान को भेजी है सुमित से होने वाली पूछताछ में कई बड़ी जानकारियां मिल सकती हैं इसलिए 12 दिन की रिमांड में होने वाली पूछताछ में सुमित कई गहरे राज उगलने वाला है।

## पेपर लिक करने के आरोप में जेल में बंद आरपीएससी के पूर्व मेंबर बाबूलाल कटरा की सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका निरस्त की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लिखकर मामले में जेल में बंद राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटरा की जमानत याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जमानत याचिका के रद्द करने के बाद बाबूलाल कटरा की परेशानी काफी बढ़ गई है।फरवरी माह में सुप्रीम कोर्ट ने बाबूलाल कटरा की ओर से प्रस्तुत की गई अंतरिम जमानत याचिका की सुनवाई करते हुए जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया था लेकिन बाबूलाल कटरा जेल से बाहर नहीं आ पा रहे थे क्योंकि उनके खिलाफ सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक और प्रवर्तन निदेशालय का मामला भी कोर्ट में पेंडिंग चल रहा था। इसलिए बाबूलाल कटरा जेल से बाहर नहीं आ पा रहे थे इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की ओर से द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 के मामले में जमानत याचिका को स्वीकार करने के बाद राजस्थान सरकार की ओर से बाबूलाल कटरा की इस याचिका को चुनौती दी गई थी। जिस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाबूलाल कटरा की जमानत याचिका को पूरी तरह से खारिज कर दिया है सरकार की ओर से वकीलों का कहना था कि बाबूलाल कटरा संवैधानिक पद पर बैठे हुए थे और उन्होंने अपने आवास से ही परीक्षा आयोजित होने के 2 महीने पहले पेपर लीक किया था जो संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ था और अगर बाबूलाल कटरा को जमानत दी जाती है तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और सबूत के साथ छेड़छाड़ भी कर सकता है इस तरह से सरकार के वकीलों की ओर से प्रभावी तरीके से बाबूलाल कटरा की जमानत याचिका को रद्द करने की दलील दी गई थी जिसको सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया और बाबूलाल कटरा की जमानत याचिका को पूरी तरह से खारिज कर दिया उल्लेखनीय है कि प्रदेश में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मामले में कई बड़े लोग गिरफ्तार हुए थे जिसमें राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटरा पर भी परीक्षा आयोजित होने के 2 महीने पहले ही अपने आवास से पेपर लीक करने के आरोप लगे थे बाबूलाल कटारा ने अपने भांजे के माराफात पहले 60 लाख और फिर 80 लख रुपए में पेपर बचने के आरोप लगे थे इस मामले बाबूलाल कटरा लंबे समय से जेल में है इसके बाद बाबूलाल कटरा पर सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 में भी पेपर लीक करने के आरोप लगे और प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी इनके खिलाफ मामला कोर्ट में लंबित चल रहा है इसलिए बाबूलाल कटरा का फिलहाल जेल से बाहर आना अब काफी मुश्किल हो गया है। अब बाबूलाल कटरा को ऐसा लगता है कि लंबे समय तक जेल में ही रहना पड़ेगा।

## रणथंबोर में पक्षी का शिकार करने के लिए ऊंचे पेड़ पर चढ़ गई बाघिन माही, दुर्बल दृश्य देखकर पर्यटक हुए रोमांचित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सवाई माधोपुर जिले में स्थित विश्व विख्यात रणथंबोर अभयारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों की हरकतें हमेशा ही पर्यटकों को काफी रोमांचित करती रही हैं कभी एरिया में वर्चस्व को लेकर दो बाघों के बीच मुकाबला तो कभी बाघिन मां बेटी के बीच ही वर्चस्व को लेकर जोरदार लड़ाई तो कभी तो बाघ और बाघिन का शिकार करने का तरीका। इस तरह के दृश्यों को देखकर पर्यटक काफी रोमांचित हो जाते हैं और इस तरह के दृश्यों को मोबाइल में कैद कर लिया करते हैं इसी तरह का एक खूबसूरत और दुर्लभ नजारा हाल ही में देखने को मिला जब रणथंबोर अभ्यारण क्षेत्र में जोन नंबर तीन में वन तालाब में एक ऊंचे पेड़ पर वृक्ष की टहनी पर बैठे पक्षी का शिकार करने के लिए बाघिन माही धीरे-धीरे पेड़ पर चढ़ने लगी। पेड़ की बिल्कुल बारीक टहनी पर बैठे पक्षी एक टहनी से दूसरे टहनी पर चहल कदमी कर रहा था जिसको माही लगातार देख रही थी और वह चुपचाप पक्षी तक पहुंचाना चाहती थी लेकिन पक्षी बहुत ही बारिक टहनी पर बैठा हुआ था इसलिए बाघिन माही से पक्षी पकड़ से दूर था माही भरपूर प्रयास भी कर रही थी। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद पर्यटक काफी रोमांचित हो गए और उन्होंने इस पूरे दृश्य को कमरे में कैद किया माही यह जानती थी कि अगर वह टहनी पर चढ़ जाएगी तो टहनी टूट भी सकती है इसलिए वह चाहते हुए भी टहनी पर नहीं चढ़ पा रही



थी।बाद में माही को मौके पर एक अन्य शिकार मिल गया जिसके बाद वह पेड़ से नीचे उतर गई इस तरह से पक्षी की जिंदगी बच गई। रणथंभौर अभयारण्य देश और विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है यहां पर पर्यटक बाघ सफारी का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में हर साल यहां आते हैं बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े उद्योगपति बड़े-बड़े अधिकारी और देश दुनिया के बड़े-बड़े लोग इस अभ्यारण में बाघ सफारी का आनंद लेने पहुंचाते रहे हैं यहां राहुल गांधी प्रियंका गांधी भी अक्सर अपने परिवार और दोस्तों के साथ आते रहते हैं प्रियंका गांधी यहां साल में अपने बच्चों को निकट के दोस्तों के साथ साल में दो या तीन बार जरूर आती हैं वजह यही है कि यहां बाघ सफारी का जो आनंद पर्यटकों को मिलता है ऐसा आनंद देश में अन्य किसी अभयारण्य या जंगल में नहीं मिलता इसीलिए यहां बड़ी संख्या में लोग बाघ सफारी का आनंद लेने के लिए पहुंचते है।

# मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम में अपने व्यवहार और कार्यशैली को लेकर लोगों की प्रशंसा का पात्र बने भजन लाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से लोग बड़ी संख्या में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे जिसमें महिलाएं भी काफी संख्या में थी मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी लोगों से बड़े ही आत्मीय भाव से मुलाकात की मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति की शिकायत को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और फिर उस समस्या के निदान के लिए तुरंत ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा का व्यवहार और उनकी कार्यशैली को देखकर लोग काफी खुश और प्रभावित नजर आए लोगों का कहना था कि मुख्यमंत्री शर्मा से मिलते हुए उन्हें ऐसा लग ही नहीं जैसे वे किसी सरकार के मुखिया से मिल रहे हो उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे वे अपने परिवार के किसी बड़े बुजुर्ग से मुलाकात कर रहे हैं इसलिए मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान लोगों ने बिना किसी घबराहट और हिचक के खुलकर अपनी समस्या बताई मुख्यमंत्री शर्मा ने भी बहुत ही सहज भाव से लोगों की समस्याओं कोसुना लोगों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर आए सभी लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं प्रेषित की और केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों से बातचीत की और सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों से फीडबैक भी लिया मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने लोगों से यह भी कहा कि जिन लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं है उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दें ताकि जरूरतमंद लोग सरकारी योजनाओं का फायदा उठा सके द्य मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के बाद लोग आपस में मुख्यमंत्री के व्यवहार और कार्यशैली के बारे में आपस में चर्चा करते हुए नजर आए लोग मुख्यमंत्री के व्यवहार को काफी पसंद कर रहे थे लोगों का कहना था कि बहुत ही कम समय में मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने व्यवहार और कार्यशैली से प्रदेश के लोगों के दिलों में अलग मुकाम हासिल कर लिया है जिससे इनका पॉलिटिकल भविष्य काफी उज्जवल है हालांकि सोमवार को यह पहली बार नहीं था जब मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया हो मुख्यमंत्री शर्मा खुद भी सप्ताह के शुरू के दिनों में मुख्यमंत्री आवास पर नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं अगर किसी कारणवश मुख्यमंत्री शर्मा जयपुर से बाहर रहते हैं तो उनकी जगह उन्होंने अपने मुख्यमंत्री आवास के स्टाफ को जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए अधिकृत किया हुआ है सोमवार को मुख्यमंत्री शर्मा खुद जयपुर में मौजूद थे इसलिए उन्होंने खुद प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना द्य गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भी अपने सप्ताह के निर्धारित दिनों में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजन करते हैं और सरकार के सभी मंत्रियों को भी जयपुर में अपने सरकारी आवास और अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं इसलिए सरकार के सभी मंत्री सप्ताह में निर्धारित दिन में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के हर जाति और बिरादरी के लोगों की समस्याओं के निदान के लिए शुरू से ही काफी गंभीर और समर्पित नजर आ रहे हैं लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान हो इसके लिए उन्होंने शासन सचिवालय में भी एक विशेष प्रकोष्ठ और पोर्टल की स्थापना की हुई है जो प्रदेश भर के लोगों की शिकायतों का समाधान करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है इस दफ्तर में खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नेवी अपनी उपस्थिति दिखाकर फोन से प्रदेश के लोगों की समस्याओं को खुद सुना है और उनका निदान भी करवाया है मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के शासन सचिवालय में नियुक्त सभी सीनियर अधिकारियों को भी यहां पर बारी-बारी से उपस्थित होकर प्रदेश के लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके निदान करने के लिए कहा है

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड़)

Ph. 01422-243929 Email- viratnagar.jaipur@yahoo.com

क्रमांकः न.पा.वि./2026 / 9761 दिनांकः 14/3/26

### सार्वजनिक आपत्ति सूचना

ऑनलाईन प्राप्त प्रकरणो के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस में मय सबूत आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा वाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। ऑनलाईन प्राप्त आवेदन निम्नानुसार है

| क्र.स. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फूल मोहर कल्याण संस्थान शाहपुरा जरिये अधिकृत प्रतिनिधि मंत्री डॉ. विवेक भिण्डा पुत्र श्री फूलचन्द भिण्डा | पापडी | 935, 1335/936 | 2680.00 वर्गमीटर का संस्थानिक पट्टा चाहने बाबत्। |


अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका विराटनगर

## सम्पादकीय

### एक वर्ष में छब्बीस हजार करोड़ रुपए के बीमा दावे खारिज



यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दिया जाता है। निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग-अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कराने के लिए लोगों को आकर्षित करने के कारोबार को इजाजत देने वाले संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। इसी मसले पर एक अन्य राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि कंपनियां हर साल करोड़ों रुपए का प्रीमियम तो इकट्ठा करती हैं, लेकिन जब इलाज के बाद मरीज या उसके परिजन खर्च के भुगतान के लिए संपर्क करते हैं, तो वे अलग-अलग तकनीकी कारणों का हवाला देकर रकम का एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं। असल में कंपनियां जब लोगों को बीमा कराने का भरोसा दे रही होती हैं, तब नियम-शर्तों को बताने के मामले में स्पष्टता और पारदर्शिता नहीं बरती जाती। दूसरी ओर, ज्यादातर लोग अस्पष्ट और जटिल स्वरूप में दर्ज नियमों के मामले को कंपनी के भरोसे पर छोड़ देते हैं। बाद में कंपनियां लोगों के इसी भरोसे का फायदा उठा कर नियमों को आधार बनाती हैं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) के 2024 के आंकड़े के मुताबिक, एक ही वर्ष में करीब छब्बीस हजार करोड़ रुपए के बीमा दावे खारिज हुए। किसी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज पर आए खर्च के मुकाबले काफी कम रकम का भुगतान करने के मामले आम रहे हैं। इस बात की पड़ताल की जानी चाहिए कि क्या बड़े निजी अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कोई सांठगांठ है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को बीमा कराने के लिए तैयार करने से लेकर इलाज कराने के लिए अस्पताल का चुनाव करने, खर्च के भुगतान के दावे पर निर्णय लेने का कोई संजाल काम करता है।



## कहानी

### रामसेतु बनाने की सेवा

यह बात उस समय की है जब प्रभु श्रीराम रावण के बंधन से सीता माता को छुडाने के लिए लंका की ओर जा रहे थे । वह सारी वानर सेना के साथ समुद्र के किनारे पहुंच गए । लंका जाने के लिए समुद्र को पार करना यही एक मार्ग था । उसे पार कर लंका पहुंचना बहुत कठिन था । वहां ऐसा कोई साधन कहीं था कि इतने बडे समुद्र को पार कर लंका पहुंचा जा सके । प्रभु श्रीराम ने समुद्र से प्रार्थना की कि वह लंका जाने का मार्ग हमको दे दें । इस पर समुद्र ने उनकी नहीं सुनी । इस प्रकार 3 दिन बीत गए । समुद्र के रास्ता ना देने पर श्रीराम को क्रोध आ गया और समुद्र को सुखाने के लिए श्रीराम ने अग्नि अस्त्र बाण को समुद्र पर छोडने का निश्चय किया । तभी समुद्र देवता वहां प्रकट हो गए । और श्रीराम से क्षमा मांगने लगे । प्रभु श्रीराम बहुत दयालु थे । उन्होंने समुद्र देवता को क्षमा कर दिया । समुद्र देवता ने बताया कि आप समुद्र पर लंका तक वानरों द्वारा पत्थरों से एक पुल का निर्माण करायें । इससे आप लंका पहुंच जायेंगे । वानरसेना तथा हनुमानजी ने तय किया कि हम सागर में पत्थर डालकर सेतु/पुल बनाएंगे और उसपर चलकर लंका पहुंचेंगे । हर एक वानर पत्थर पर प्रभु श्रीराम का नाम लिखकर नामस्मरण करते हुए सागर में पत्थर डालने लगा । प्रभु का नाम लिखकर पत्थर डालने से पत्थर पानीपर तैरने लगे तथा थोडे ही दिनों में सेतु/पुल बनकर तैयार हो गया । सारे वानर जब सेतु/पुल बनाने में लगे हुए थे, तब एक छोटी सी गिलहरी उन सबको पुल बनाते हुए देख रही थी । उसने मन में सोचा कि प्रभु श्रीराम तो साक्षात भगवान हैं । उनके लिए ये बंदर सेतु/पुल बना रहे हैं । यह तो ये प्रभु श्रीराम की सेवा कर रहे हैं, मुझे भी इस कार्य में अपना योगदान करना चाहिए यह सोचकर गिलहरी ने मन ही मन प्रभु श्रीरामजी के चरणों में नमस्कार किया और अपनी सेवा आरंभ कर दी । समुद्र तट के पास ही रेत का ढेर था, गिलहरी उस रेत के ढेरपर जाती और वहां से अपने छोटे-छोटे हाथों और पूंछ में छोटे पत्थर एवं रेत लेकर सागर में डालती जा रही थी । जितनी उसकी क्षमता थी उसका वह पूरा उपयोग कर श्रीराम कार्य में लग गई । यह देखकर वानरों को बडा आश्चर्य हुआ । एक वानर ने उससे कहा, अरे तुम इतनी छोटी हो और एक-एक कण रेत लाकर समुद्र में डाल रही हो, क्या तुम्हारे ऐसा करने से पुल बन जाएगा  तब गिलहरी बोली, भैया, मैं भले ही बडे पत्थर तो नहीं उठा पाऊंगी, आप लोगों जैसी सेवा तो नहीं कर पाऊंगी; किंतु जितनी श्रीराम ने मुझको छमता दी है । उसके अनुसार एक छोटी सी सेवा तो कर ही सकती हूं । भले अपको यह सेवा छोटी लगे परंतु प्रभु श्रीराम की सेवा तो हो ही रही है, आप मुझे यह सेवा करने दीजिए ऐसा कहकर गिलहरी दुबारा रेत लेकर सागर में डालने की सेवा करने लगी । यह सेवा करते करते वह थक गई थी; परंतु अपनी थकान की परवाह न कर बिना रुके वह सेवा करती जा रही थी । वह मन ही मन कह रही थी आपको क्या पता, जबतक मेरे शरीर में प्राण हैं, तब तक मैं प्रभु श्रीराम की सेवा करती ही रहूंगी ।' जब वह पुनः रेत लेकर समुद्र की ओर जाने लगी तभी किसी ने बडे प्रेमसे उसकी ओर देखा; बच्चो क्या आप बता सकते हैं, वे कौन थे  वे साक्षात प्रभु श्रीराम थे । उन्होंने उसे देखा तथा गिलहरी को अपने हाथों में उठा लिया । (स्लाइड हो तो) प्रभु श्रीराम ने प्रेम से अपने दाहिने हाथ की उंगलियों से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए उस नन्ही सी गिलहरी से कहा, भले ही तुम छोटी हो, किंतु तुमने बहुत अच्छी सेवा की है । मैं तुमपर प्रसन्न हूं ।'

# ट्रंप की मनमानी



अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमले के तीन सप्ताह बीत गए, लेकिन किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर अमेरिका का मंतव्य क्या है और यह युद्ध कैसे और कब रुकेगा? ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले के प्रतिकार के लिए हरसंभव तरीके अपनाने की रणनीति अपना ली है। वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों में नागरिक ठिकानों और ऊर्जा स्रोतों पर भी इस बहाने हमले कर रहा है कि यहां अमेरिकी सैनिक अड्डे हैं। उसने खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर हमले करके युद्ध को एक नया विस्तार दे दिया है। उसने तेल और गैस की सप्लाई वाले समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित कर विश्व के समक्ष ऊर्जा संकट भी गहरा दिया है। अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ उनके कई सहयोगी और सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं, पर इसके बाद भी वहां सत्ता परिवर्तन के कोई संकेत नहीं। प्रारंभ में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि ईरान पर हमलों का उद्देश्य वहां सत्ता परिवर्तन करना और उसकी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता खत्म करना है। चूंकि युद्ध लंबा खिंच रहा है और तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने के साथ उनके मूल्य भी लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए भारत समेत कई देशों में महंगाई के साथ बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है।

महंगी ऊर्जा का असर यूरोप और अमेरिका में भी दिखने लगा है। ट्रंप की चुनौती इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि उनके इस अनुरोध को अमेरिका के मित्र राष्ट्र और यहां तक कि नाटो देश भी स्वीकार करने को तैयार नहीं कि वे होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए अपनी नौसेनाएं भेजें। इससे ट्रंप अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो उन्हें ऐसे शासनाध्यक्ष के रूप में देखा जा रहा है, जिसने विश्व को संकट की ओर धकेल दिया। इसके साथ ही घर में भी उनका विरोध बढ़ रहा है। ईरान जवाबी हमले करने के साथ जिस तरह खाड़ी के देशों में ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहा है, उससे साफ है कि उसका इरादा ऊर्जा संकट बढ़ाना है। अमेरिका इस संकट को कम करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इसके बाद भी राष्ट्रपति ट्रंप का अहंकारपूर्ण रवैया जारी है। वे ऐसे सवालों से घिर रहे हैं कि अमेरिकी संसद की मंजूरी लिए बिना उन्होंने ईरान पर किस अधिकार से हमला कर दिया? उनके एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि ईरान से अमेरिका को कोई खतरा नहीं था और वह परमाणु बम बनाने के करीब भी नहीं था। यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने किसी देश पर मनमाने तरीके से हमला किया हो अथवा वहां जबरन सत्ता परिवर्तन कराने की कोशिश की हो। अमेरिकी राष्ट्रपतियों के ऐसे कृत्यों का एक लंबा इतिहास है। वियतनाम से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया आदि में अमेरिका के हमले उसकी मनमानी का ही परिचायक रहे। दूसरे देशों में अमेरिका के कुछ हमलों को तो इसलिए वैधता मिली, क्योंकि या तो संयुक्त राष्ट्र ने उस देश की गतिविधियों की आलोचना करते हुए उसे विश्व शांति के लिए खतरा बताया या फिर नाटो देशों अथवा यूरोपीय संघ ने संबंधित देश में दखल देने की जरूरत जताई। ऐसे अनेक हमलों के पीछे अमेरिका ने आत्मरक्षा के अधिकार की आड़ ली या फिर संबंधित देश में जनसंहार होने अथवा वह जनसंहारक हथियार होने का खतरा दिखाया। अमेरिका ने कुछ ऐसे कानून बना रखे हैं, जो उसे किसी अन्य देश में आत्मरक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप करने का अधिकार देते हैं। एक ऐसा ही कानून 9/11 के बाद बना था। इसे सैन्य बल उपयोग प्राधिकरण नाम से जाना जाता है। ट्रंप ने इसी कानून का सहारा लेकर ईरान पर हमला किया। उन्होंने इस हमले को सही ठहराने के लिए राष्ट्रपति की युद्ध शक्तियों का हवाला दिया। इसे कई कानूनी विशेषज्ञ अवैध बता रहे हैं, पर ट्रंप बेपरवाह हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति सेना के सर्वोच्च कमांडर होते हैं, लेकिन युद्ध की औपचारिक घोषणा करने का अधिकार संसद के पास है। राष्ट्रपति आपातकालीन स्थिति में बिना उसकी स्वीकृति के कहीं पर सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं, पर उन्हें 48 घंटे के भीतर संसद को सूचित करना होता है और यदि वहां से मंजूरी न मिले तो 60-90 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई रोकनी पड़ती है। समस्या यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के पास संसद के फैसले को वीटो करने का भी अधिकार है। संसद इस वीटो को पलट तो सकती है, पर दो तिहाई बहुमत के साथ। अमेरिका विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र में से एक है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति अपने जरूरत से ज्यादा अधिकारों का दुरुपयोग कहीं आसानी से करने में समर्थ हो जाते हैं और जब वहां ट्रंप जैसा अहंकारी राष्ट्रपति आ जाता है तो वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा बन जाता है। इस पर खुद अमेरिका को विचार करना चाहिए कि आखिर इतना शक्तिसंपन्न राष्ट्रपति उसके अपने कितने हित में है? अमेरिकी राष्ट्रपति जब-तब किसी भी देश पर आर्थिक प्रतिबंध लगा देते हैं। इसी तरह वे किसी भी देश के आयात पर प्रशासनिक आदेशों के सहारे मनमाने टैरिफ लगा देते हैं। यह तो गनीमत रही कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप टैरिफ को अवैध करार दिया, पर वे अन्य तरीकों से फिर से विभिन्न देशों पर टैरिफ लगाने के बहाने खोज रहे हैं। ऐसा करके वे अपनी तानाशाही मानसिकता का ही परिचय दे रहे हैं। चूंकि अमेरिका सैन्य और आर्थिक रूप से सबसे शक्तिशाली देश है, इसलिए वह मनमानी करने में समर्थ रहता है। दूसरे देशों पर सैन्य दखल या फिर जबरन सत्ता परिवर्तन के मामले में उसका रवैया तानाशाही वाला है।

*महंगी ऊर्जा का असर यूरोप और अमेरिका में भी दिखने लगा है। ट्रंप की चुनौती इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि उनके इस अनुरोध को अमेरिका के मित्र राष्ट्र और यहां तक कि नाटो देश भी स्वीकार करने को तैयार नहीं कि वे होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए अपनी नौसेनाएं भेजें। इससे ट्रंप अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो उन्हें ऐसे शासनाध्यक्ष के रूप में देखा जा रहा है, जिसने विश्व को संकट की ओर धकेल दिया। इसके साथ ही घर में भी उनका विरोध बढ़ रहा है। ईरान जवाबी हमले करने के साथ जिस तरह खाड़ी के देशों में ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहा है, उससे साफ है कि उसका इरादा ऊर्जा संकट बढ़ाना है। अमेरिका इस संकट को कम करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इसके बाद भी राष्ट्रपति ट्रंप का अहंकारपूर्ण रवैया जारी है। वे ऐसे सवालों से घिर रहे हैं कि अमेरिकी संसद की मंजूरी लिए बिना उन्होंने ईरान पर किस अधिकार से हमला कर दिया? उनके एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि ईरान से अमेरिका को कोई खतरा नहीं था और वह परमाणु बम बनाने के करीब भी नहीं था। यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने किसी देश पर मनमाने तरीके से हमला किया हो अथवा वहां जबरन सत्ता परिवर्तन कराने की कोशिश की हो। अमेरिकी राष्ट्रपतियों के ऐसे कृत्यों का एक लंबा इतिहास है। वियतनाम से लेकर इराक,*

# विश्व पर मंडराता मंदी का खतरा



ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हमले के तीन सप्ताह गुजरने के बाद उसकी तपिश पूरी दुनिया को झेलनी पड़ रही है। युद्ध में रक्तपात और सैन्य खर्च तो बढ़ते ही हैं, लेकिन उसके साथ ही दुश्वारियों का एक अंतहीन सिलसिला भी शुरू हो जाता है। दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर बढ़ते दबाव से लेकर उत्पादन के स्तर पर आ रही सुस्ती इसका एक उदाहरण है। तेल-गैस की किल्लत मुश्किलों को और बढ़ाने ही वाली है।

अगर सीधे वित्तीय बोझ की बात करें तो केवल पहले सप्ताह में ही अमेरिका को 11.3 अरब डालर खर्च करने पड़े। युद्ध से जुड़े मोर्चे को मजबूत बनाए रखने के लिए अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने सालाना 838 अरब डालर के रक्षा बजट से इतर और 200 अरब डालर की मांग सामने रखी है। यह 200 अरब डालर की राशि उससे भी अधिक है , जितनी अमेरिका ने गत वर्ष अपने अपेक्षाकृत गरीब लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करने पर खर्च की।

युद्ध की कीमत केवल रक्षा खर्च में बढ़ोतरी के मोर्चे पर ही नहीं चुकानी पड़ती, बल्कि इसका असर कहीं व्यापक होता है। होर्मुज जल मार्ग में गतिरोध इसका एक बड़ा उदाहरण है। अमेरिका-इजरायल के हमलों के जवाब में ईरान ने इस तंग जलमार्ग में आवाजाही को अपने हिसाब से नियंत्रित किया है, जिसकी वजह से दुनिया भर में तेल एवं गैस आपूर्ति के समीकरण बिगड़ गए हैं। समझ लीजिए कि होर्मुज वह पाइपलाइन है, जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होती है। ईरान ने इस पाइपलाइन को ही बंद कर दिया है। उसके बाद से ही खाड़ी देशों में तेल उत्पादन औसतन एक करोड़ बैरल प्रतिदिन तक घटा है। होर्मुज से तेल की दुलाई युद्ध से पहले की तुलना में 10 प्रतिशत से भी कम रह गई है। तेल की कीमतें 72 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 113 डालर बैरल तक पहुंचती दिख रही हैं। कई जानकार इसे अभी तक का सबसे बड़ा तेल संकट करार दे रहे हैं। आम लोगों के लिए इसका यही अर्थ है कि पेट्रोल-डीजल महंगी हो जाएंगे। रसोई गैस की कीमतें चढ़ेंगी। फैक्ट्रियों में उत्पादन से लेकर ट्रकों के जरिये ढुलाई के दाम बढ़ेंगे। उर्वरकों के जरिये खेती भी महंगी होगी। तेल की कीमतों में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी महंगाई की दर में सामान्य तौर पर 0.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी करती है। युद्ध छिड़ने के बाद से तेल के दाम 50 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ गए हैं।

गैस आपूर्ति का मुद्दा भी चिंता बढ़ा रहा है। विश्व में गैस की 20 प्रतिशत आपूर्ति कतर से होती है। यूरोप से लेकर एशिया तक फैक्ट्रियों को चलाने, घरों को गर्म रखने, खाना पकाने और उर्वरक बनाने के लिए इसी गैस पर बड़ी हद तक निर्भर हैं। मार्च के महीने में ही कतर का मुख्य गैस संयंत्र दो बार हमलों का शिकार बन चुका है। उसे इतना नुकसान पहुंचा है कि उसकी भरपाई में लंबा समय लगेगा और आपूर्ति को सामान्य होने में उससे भी अधिक वक्त। दुनिया के किसी भी हिस्से में गैस के बड़े रणनीतिक भंडार की कोई व्यवस्था नहीं। समझिए कि अगर पाइप बंद हुआ तो बैकअप में कोई टैंक नहीं है। इसका असर किसानों को खेतों से लेकर लोगों को रसोई तक दिखने भी लगा है। छह दिनों के दायरे में यूरिया की कीमतें 32 प्रतिशत बढ़ गई हैं। भारत में जल्द ही खरीफ की बोआई भी शुरू होने वाली है। इसमें गतिरोध पैदा होता है तो उसका असर और घातक होने वाला है।

क्या यह घटनाक्रम दुनिया में मंदी की दस्तक का संकेत है? मंदी का अर्थ है फैक्ट्रियों में उत्पादन का घटना, भर्तियों का कम होना, आमदनी का सिकुड़ना और अंततः अर्थव्यवस्था का सुस्त पड़ना। भले ही दुनिया भर में अर्थशास्त्री मंदी की बात स्वीकारने में हिचक दिखा रहे हैं, लेकिन इसकी भरी-पूरी आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। यहां तक कि युद्ध शुरू होने से पहले भी हालात कोई बहुत अच्छे नहीं थे।

*युद्ध की कीमत केवल रक्षा खर्च में बढ़ोतरी के मोर्चे पर ही नहीं चुकानी पड़ती, बल्कि इसका असर कहीं व्यापक होता है। होर्मुज जल मार्ग में गतिरोध इसका एक बड़ा उदाहरण है। अमेरिका-इजरायल के हमलों के जवाब में ईरान ने इस तंग जलमार्ग में आवाजाही को अपने हिसाब से नियंत्रित किया है, जिसकी वजह से दुनिया भर में तेल एवं गैस आपूर्ति के समीकरण बिगड़ गए हैं। समझ लीजिए कि होर्मुज वह पाइपलाइन है, जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होती है। ईरान ने इस पाइपलाइन को ही बंद कर दिया है। उसके बाद से ही खाड़ी देशों में तेल उत्पादन औसतन एक करोड़ बैरल प्रतिदिन तक घटा है। होर्मुज से तेल की दुलाई युद्ध से पहले की तुलना में 10 प्रतिशत से भी कम रह गई है। तेल की कीमतें 72 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 113 डालर बैरल तक पहुंचती दिख रही हैं। कई जानकार इसे अभी*

# संकट का सामना



पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते युद्ध को देखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर देश भर में ऊर्जा आपूर्ति निर्बाध ढंग से जारी रखने की तैयारियों को लेकर जो चर्चा की, वह समय की मांग थी। इस बैठक में पेट्रोल-डीजल और गैस के साथ ही उर्वरकों की आपूर्ति सुगम बनाए रखने के जिन उपायों पर मंथन किया गया, उनके निष्कर्षों से राज्य सरकारों को भी अवगत कराने की आवश्यकता होगी और उन्हें कुछ निर्देश देने की भी। जिस तरह केंद्र सरकार संकट से पार पाने के लिए कमर कसती दिख रही है, उसी तरह राज्य सरकारों को भी सक्रियता दिखानी होगी। उचित यह होगा कि प्रधानमंत्री राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों के साथ भी इस उद्देश्य से चर्चा करें कि हर स्तर पर यह संदेश पहुंचे कि देश में कहीं पर भी ऊर्जा एवं उर्वरक संकट पैदा नहीं होने दिया जाएगा। निःसंदेह मौजूदा स्थिति की तुलना कोविड काल से नहीं की जा सकती, लेकिन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और उनकी कालाबाजारी एवं जमाखोरी न होने देने पर निगाह रखने की जरूरत तो बढ़ ही गई है। केंद्र और राज्य सरकारों को केवल यही नहीं देखना कि ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति सुगमता से होती रहे, बल्कि इस पर भी ध्यान देना होगा कि अर्थव्यवस्था के पहिए गतिमान बने रहें। इसके लिए ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर आवश्यक उपाय करना जरूरी है। चूंकि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है और इसके कोई आसार नहीं दिख रहे कि यह सैन्य टकराव कब और कैसे खत्म होगा, इसलिए पश्चिम एशियाई देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति का संकट और गहरा सकता है। इस स्थिति में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल एवं गैस के दाम और अधिक बढ़ सकते हैं। इसके नतीजे में भारत सरकार को भी उनकी कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। इससे देश में कुछ न कुछ महंगाई भी बढ़ सकती है। ध्यान रहे पश्चिमी देशों के लिए हवाई यात्रा पहले ही महंगी हो गई। आशा की जानी चाहिए कि कीमतें बढ़ाने की नौबत न आने पाए, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार भी रहा जाना चाहिए। यह तैयारी केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों एवं जिला प्रशासन के स्तर पर भी होनी चाहिए। इसी के साथ आम जनता को यह समझना होगा कि जो संकट पैदा हुआ है,

## धूमधाम से मनाया शहीद दिवस



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** बार एसोसिएशन चौमूं की ओर से शहीदे आजम भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु का बलिदान दिवस के उपलक्ष्य पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चरण सिंह जाट, महासचिव मुकेश कुमार मोदी, सयुक्त सचिव राजेश फल्डोलिया व अधिवक्ता सुरेश गोदारा ने भगत सिंह की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अधिवक्ता विनोद शर्मा, दिनेश चौधरी, गिरिराज भदाला, हेमराज यादव, सुरेश बाजिया, जगदीश कुलदीप, शंकर मान, रामसिंह भदाला, श्रवण गरेड, पुरण पलसानिया, सुरेन्द्र शेखावत, बाबुलाल कुड़ी, सुनिल गरेड, राजेश गोरा आदि अधिवक्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर, 127 यूनिट रक्त संग्रहण



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे के सुपर मार्केट स्थित एसके अस्पताल में सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संयोजक डॉ. वीरेंद्र गढ़वाल ने बताया कि यह सातवां रक्तदान शिविर है, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 127 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर पावटा बीसीएमओ कृष्ण सिंह शेखावत, पीएमओ रवि बंसल, डॉ. सत्यनारायण स्वामी, डॉ. दयाराम जाट, सुरेंद्र सिंह पलसानिया, मुखराम धनकड़, नरपत सिंह शेखावत, अमन खोजा, अनिल चौधरी, हरिद्वारीलाल स्वामी, बजरंग यादव, गोपाल अग्रवाल, नीरज सेन, डॉ. सुरेंद्र यादव, सुभाष यादव, मुकेश यादव, प्रकाश पारीक, सुनील डूचानिया, जितेंद्र प्रजापत, निखिल धनकड़, जितु जोगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मोदी ने सदन में किया स्पष्ट भारत की नीति सदैव संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालने की: मदन राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न वर्तमान हालातों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में दिए गए विस्तृत वक्तव्य का हम पूर्ण समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि वैश्विक शांति और स्थिरता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा किसी भी प्रकार का संघर्ष मानवता के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यह दोहराया कि भारत की नीति सदैव संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालने की रही है। उन्होंने नागरिक क्षेत्रों, पावर प्लांट्स तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों–विशेष रूप से होर्मुज़ जलडमरू मध्य पर किसी भी प्रकार के हमलों को अस्वीकार्य बताया। राठौड़ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि देश में तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत अब 27 के स्थान पर 41 देशों से आयात कर रहा है। यह कदम संभावित वैश्विक संकट के प्रभाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री जी ने यह भी बताया कि पश्चिम एशिया में रह रहे लगभग एक करोड़ भारतीयों की सुरक्षा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब तक 3 लाख 75 हजार भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिसमें ईरान से लौटे हजारों नागरिक और सैकड़ों मेडिकल छात्र शामिल हैं। ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और बिजली आपूर्ति को लेकर भी सरकार पूरी तरह सजग है। देश में पर्याप्त अन्न भंडार उपलब्ध है, पावर प्लांट्स में कोयले का पर्याप्त स्टॉक है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह स्पष्ट संदेश कि 'तनाव समाप्त होना चाहिए और संवाद ही समाधान का मार्ग है, यह भारत की जिम्मेदार और संतुलित वैश्विक भूमिका को दर्शाता है। मोदी के इस संतुलित, दूरदर्शी और राष्ट्रहित में लिए गए हर कदम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि विश्व समुदाय शीघ्र ही शांति की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी विकास संस्था का होली स्नेह मिलन

# नवनियुक्त कार्यकारिणी ने ली शपथ, फुले दंपति को भारत रत्न देने की उठी मांग

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के सामोद रोड स्थित निजी गार्डन में सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी विकास संस्था राजस्थान के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन और नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिराव फुले और माँ सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी, ओमप्रकाश सैनी, पदाधिकारियों और अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करके की। इस दौरान होली स्नेह मिलन एवं नवनियुक्त प्रदेश, जिला और ब्लाक कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी (रेलवे) की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



न्यायमूर्ति देवेन्द्र कच्छवा रहे। विशिष्ट अतिथि अंजनी हनुमान मंदिर के महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर हरिकृष्ण दास ग्वालिया बाबा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, राष्ट्रीय संस्थान जयपुर के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, माली महासभा के अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी, आर चंद्रा पैलेस के डायरेक्टर मुकेश सैनी, माली समाज विकास समिति चौमूं के अध्यक्ष हीरालाल सैनी,आईएएस और आरएएस अधिकारी रहे। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश के विभिन्न स्थानों से माली समाज बन्धु पधारे। अजमेर ,कोटा, झालावाड़, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, जयपुर आदि जिलों से संस्था के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष व कार्यकारिणी के लोग पहुंचे। सभी कर्मचारी एवं अधिकारी, प्रतिनिधि मंडल, प्रतिनिधियों का जिला अध्यक्ष चौथमल सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने साफा व दुपट्टा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति देवेन्द्र कच्छवा व महामंडलेश्वर हरि कृष्ण दास के सान्निध्य में प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी एवं चौमूं ब्लॉक कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। ओमप्रकाश सैनी ने सभी आगंतुकों का विशेष अभिनंदन किया। राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष अनुभव चंदेल ने राष्ट्रीय संस्थान के भवन निर्माण कार्य पर प्रकाश डाला। सभी समाज बंधुओं ने फुले दंपति को सरकार की ओर से भारत रत्न देने की मांग की। मंच का कुशल संचालन डॉ. धीरज सांखला ने किया। कार्यक्रम में सैनी समाज के कई प्रबुद्ध जन व नेता उपस्थित रहे। जिनमें प्रदेश महासचिव मदन लाल सैनी प्रदेश संरक्षक मंडल सदस्य, अनिल कुमार सैनी अध्यक्ष, महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान, सुरेश तंवर अध्यक्ष राष्ट्रीय संस्थान, डॉ. ओ.पी. कटारिया, ओंकारमल सैनी वरिष्ठ आरएएस, भंवरलाल पापटवाण, कैलाश जमालपुरिया उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध गायिका कोमल सैनी ने चंग की थाप पर भजनों और फाग गीतों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि पूरा माहौल होली के रंगों में सराबोर हो गया। अंत में सभी समाज बंधुओं ने सामूहिक रूप से गुलाल खेलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोबनेर स्थित ज्वाला माता के दर्शन उपरांत शाकंभरी माता सांभर जाते वक्त फुलेरा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री के आगमन पर मंच पर भाजपा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला महामंत्री शिवजी राम कुमावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर व गदा भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने कस्बे की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, जिसे मुख्यमंत्री के साथ आए सुरक्षा कर्मियों ने औपचारिकता निभाते हुए ज्ञापन प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री जनता का अभिवादन करेंगे, लेकिन अभिवादन नहीं होने से कई लोग मायूस नजर आए। कार्यक्रम के बाद यह विषय क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न स्तर पर चर्चाएं होती रहीं। एक ओर क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होना और दूसरी ओर मुख्यमंत्री के काफिले की तुलना में अपेक्षाकृत कम जनसमूह का होना भी चर्चा का विषय बना रहा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

### कवरेज के दौरान मीडिया कर्मियों को हुई परेशानी

कार्यक्रम की कवरेज के दौरान मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कर्मियों से धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। इससे मीडिया कर्मियों को कार्यक्रम की कवरेज करने में काफी परेशानियों झेलनी पड़ी, जिसको लेकर मीडिया जगत में भी असंतोष देखा गया।

## बागावास अहिरान में खूनी बंटवारा विवाद

### चाचा ने भतीजों पर कैंची-उस्तरे से किया ताबड़तोड़ हमला

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** बागावास अहिरान में रविवार को पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर चला आ रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पुलिस के अनुसार परिवार के ही दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में चाचा व उसके बेटों ने मिलकर भतीजों पर कैंची और उस्तरे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, संतोष सैन और उसके भाई गोविंद सैन के बीच कई वर्षों से पुश्तैनी मकान को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को मामूली कहासुनी के बाद यह विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा। पीड़ित विकास सैन (24) पुत्र संतोष सैन ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि शाम को घर लौटते समय उसके चाचा गोविंद सैन ने अपने परिवार के साथ मिलकर उस पर दुकान में रखी कैंची और उस्तरे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।शोर सुनकर छोटा भाई दीपक सैन मौके पर पहुंचा और बचाने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उस पर भी बेरहमी से हमला कर दिया। दीपक के फेफड़ों के पास कैंची से गहरा घाव लगने से उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों घायलों को छुड़वाया और पावटा



के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दीपक सैन की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर थाना अधिकारी रामकिशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपित में ऋतिक सेन पुत्र गेंदालाल सैन को डिटेन किया है। पीड़ित पक्ष ने मामला दर्ज करवाया है,सोमवार को घायलों का मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट आने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शाकंभरी माता मंदिर व रिणगी गांव में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार देर शाम आस्था के प्रमुख केंद्र शाकंभरी माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में आरती में भी भाग लिया। हालांकि उनके आगमन को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता मौजूद रहे, लेकिन मुख्यमंत्री ने पूरे दौरे के दौरान एक शब्द भी नहीं बोला। मुख्यमंत्री शाम करीब 6:10 बजे मंदिर परिसर पहुंचे। यहां शाकंभरी माता मंदिर प्रबंधन न्यास के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने उनका स्वागत किया। मंदिर के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, भाजपा जिला देहात दक्षिण अध्यक्ष राजेश गुर्जर और पूर्व विधायक निर्मल कुमावत भी मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी, हृदय सुमन पारीक, देवकरण गुर्जर, पुखराज स्वामी सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वहीं जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी, आईजी राहुल प्रकाश, एसपी हनुमान मीणा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा। मुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम से करीब दो घंटे की देरी से पहुंचे, लेकिन इसके बावजूद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही। मुख्यमंत्री ने करीब 6:30 बजे पूजा-अर्चना पूर्ण कर मंदिर से बाहर निकलकर उपस्थित हजारों लोगों का अभिवादन स्वीकार किया, लेकिन बिना कोई संबोधन दिए ही मात्र दो मिनट बाद 6:32 बजे जयपुर के लिए रवाना हो गए। इससे पहले मुख्यमंत्री का काफिला ग्राम रिणगी भी पहुंचा, जहां



लक्ष्मण सिंह गुर्जर और धीरूभाई के नेतृत्व में ग्रामीणों ने माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विष्णु रिणगी, रायचंद, मदन गुर्जर, पूर्व सरपंच देवकरण गुर्जर, सुखाराम बलाई, बरडोटी प्रशासक मूलचंद गुर्जर, श्रीरामपुरा प्रशासक लक्ष्मण वर्मा, हबसपुरा प्रशासक पुरुषोत्तम मीणा, सीतारामपुरा प्रशासक हरिराम बलाई, मास्टर देवाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। रिणगी में भी लोगों को मुख्यमंत्री के संबोधन का इंतजार रहा, लेकिन यहां भी उन्होंने बिना कुछ कहे केवल अभिवादन स्वीकार किया और आगे बढ़ गए। मुख्यमंत्री के इस संक्षिप्त दौरे को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा कि भारी जनसमूह के बावजूद उन्होंने कोई सार्वजनिक संबोधन नहीं दिया।

### मोहब्बतपुरा में 140 ऊंटों का रोग निदान व उपचार शिविर

## मेगा हेल्थ कैंप में आधुनिक जांच से मिली राहत, 50 से अधिक का मंगला पशु बीमा




जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा में सोमवार को पशु चिकित्सालय रेनवाल मांजी के देखरेख में एक ऊंट रोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 140 ऊंटों का उपचार किया गया। रोगों की सटीक पहचान के लिए ऊंटों की ब्लड सैंपलिंग और स्किन सैंपलिंग भी की गई। यह कदम सही उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया। कैंप के दौरान डॉ.चित्रा जूनिवाल ने टैगिंग कर 50 से अधिक ऊंटों का मंगला पशु बीमा किया। शिविर का आयोजन डॉ.गिरीश जोशी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पशुधन निरीक्षक शीशराम भाकर धर्मराज बैरवा सहसकरण दरोगा, रमेश मीणा, विजय सिंह, रामपाल वर्मा, कमलेश चौधरी, अनीशा टाटीवाल,सुमन जाखड,पूजा यादव, उपस्थित रहे। पशु परिचर अर्जुन लाल जाट, मयंक खंडेलवाल और हेमराज बैरवा ने भी अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान टीम ने पशुपालकों को ऊंटों की उचित देखभाल, विभिन्न रोगों की पहचान करने के तरीके और समय पर उपचार के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दी।टीम ने निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। ऊंट पालकों ने कैंप की सराहना की।

## विद्युत ढीले व झूलते तारों को करें दुरस्त, अवैध कनेक्शनों पर करें कार्यवाही:सीईओ

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विद्युत के अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। सड़क




किनारे विद्युत के ढीले एवं झूलते तारों को दुरूस्त किया जाए। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखें तथा समय-समय पर पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग गतिविधियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी दिनों में हीटवेव की सम्भावना को देखते हुए सभी चिकित्सा संस्थानों पर व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित एवं तर्कसंगत समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2026 के अंतर्गत सरसों और चना की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए सभी अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

गत साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# रीमेक की बेड़ियों से आजाद होगी दृश्यम 3

इंडियन सिनेमा में सस्पेंस और थ्रिलर की परिभाषा बदलने वाली फ्रेंचाइज 'दृश्यम' अपने तीसरे और सबसे घातक चैप्टर की ओर बढ़ चुकी है। विजय सलगांवकर की शातिर चालाकी और कानून के फौलादी शिकंजे के बीच अब एक ऐसी बिसात बिछने वाली है, जहां से किसी एक का बचना नामुमकिन है। मेकर्स ने इस शेड्यूल के लिए बेहद गोपनीय और पुख्ता रणनीति तैयार की है। निर्देशक अभिषेक पाठक ने इस बार साहस दिखाते हुए फिल्म को रीमेक की बेड़ियों से आजाद कर दिया है। 'दृश्यम 3' अब मोहनलाल के मलयालम वर्जन को फॉलो नहीं करेगी। इसे पूरी तरह नॉर्थ इंडियन कल्चर और अपनी मौलिक स्क्रिप्ट के आधार पर ढाला गया है। मेकर्स का मानना है कि 'दृश्यम' अब एक ग्लोबल ब्रांड है और सलगांवकर का अंत अब उसकी अपनी शर्तों पर होगा।

## पुलिस की वर्दी में नहीं दिखेगा जयदीप अहलावत का किरदार

इस बार सबसे बड़ा मास्टरस्ट्रोक कास्टिंग में दिखता है। अक्षय खन्ना के बाहर होने के बाद 'पाताल लोक' फेम जयदीप क्राइम एसपी की भूमिका में नजर आएंगे। वह वर्दी या पारंपरिक पुलिसिया रौब में नहीं, बल्कि सिविल ड्रेस में सलगांवकर के घर पहुंचेंगे। जयदीप और अजय के बीच संवादों का तीखा दंगल दिखेगा। जयदीप उन दफन राजों का जिक्र करेंगे, जिन्हें विजय सलगांवकर ने छिपाया था।





# आदित्य धर के साथ काम करना चाहती हैं भूमि पेडनेकर

**धुरंधर को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और सिर्फ फैंस ही नहीं, कई सेलेब्स ने भी इस स्पाई-एक्शन थ्रिलर की तारीफ की। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर का नाम भी जुड़ गया है।**

हाल ही में द राइट एंगल विद सोनल कालरा के एपिसोड में भूमि ने माना कि 'धुरंधर' देखने के बाद वह आदित्य धर और रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं। इंटरव्यू के दौरान सोनल कालरा ने उनसे पूछा, 'भूमि, आपने कई शानदार लोगों के साथ काम किया है, लेकिन ऐसा कौन-सा एक डायरेक्टर और एक एक्टर है जो अभी भी आपकी बकेट लिस्ट में है?' इस पर भूमि पेडनेकर ने जवाब दिया, 'एक डायरेक्टर चुनना मेरे लिए मुश्किल है, क्योंकि कई लोग हैं जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। मैं जरूर संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। किसी भी तरह से उनके साथ काम करना मेरा सपना है। मुझे उम्मीद है कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा, क्योंकि वह एक जीनियस हैं। इसके अलावा राजकुमार हिरानी के साथ भी काम करना चाहती हूं। और अब मैं आदित्य धर के साथ भी काम करना चाहती हूं, क्योंकि मुझे 'धुरंधर' का पहला पार्ट बहुत पसंद आया।'



भूमि ने आगे कहा, 'मैं आमतौर पर बहुत ज्यादा मस्कुलिन फिल्मों की ऑडियंस नहीं हूं। ऐसी फिल्मों में मुझे नींद आने लगती है और मैं उनसे कनेक्ट नहीं कर पाती। लेकिन 'धुरंधर' मुझे बहुत पसंद आई। अगर एक्टर्स की बात करूं तो मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं। उनके साथ काम करने का मौका जरूर चाहूंगी। मुझे नहीं लगता कि उनकी कोई भी परफॉर्मेंस ऐसा रहा हो जिससे मैं, एक फैन के तौर पर, निराश हुई हूं। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में तो मैं उन्हें देखकर पूरी तरह ऑब्सेस्ड हो गई थी।' वर्कफ्रंट की बात करें तो भूमि पेडनेकर जल्द ही इमरान खान की कमबैक फिल्म में उनके साथ नजर आने वाली हैं।



# एक्शन फिल्म 'किंग' के बाद बड़े बजट के क्लासिक ड्रामा फिल्म करना चाहते हैं शाहरुख

शाहरुख खान इन दिनों अपनी एक्शन फिल्म 'किंग' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि 'किंग' में जबरदस्त एक्शन के बाद शाहरुख किस तरह की फिल्म करना चाहता हैं। शाहरुख इन दिनों सिद्धार्थ आनंद के साथ अपनी फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी करने वाले हैं। पिंकविला की एक खबर के अनुसार, कई एक्शन फिल्मों के बाद, शाहरुख रोमांस की ओर लौटना चाहते हैं। शाहरुख खान अब अपनी अगली फिल्मों की प्लानिंग कर रहे हैं। उनकी फिल्म 'किंग' दिसंबर 2026 में रिलीज होगी। 'किंग' की शूटिंग जल्द खत्म होने वाली है।

## कैसी होगी शाहरुख की अगली फिल्म

शाहरुख खान रोमांस वाली फिल्मों के लिए बहुत मशहूर हैं। उन्हें एक बड़े बजट की, पुराने स्टाइल की, मैच्योर रोमांटिक ड्रामा फिल्म का ऑफर मिला है। वह इस स्क्रिप्ट पर गंभीरता से सोच रहे हैं। यह फिल्म उनकी पुरानी रोमांटिक भूमिकाओं की कॉपी नहीं होगी, बल्कि अलग कहानी होगी। इसमें बहुत सारी भावनाएं और ड्रामा होगा। इससे वह फिर से 'रोमांस के बादशाह' की तरह नजर आएंगे।

## फराह के साथ काम कर सकते हैं शाहरुख



कथित तौर पर इस फिल्म के अलावा शाहरुख निर्देशक फराह खान के साथ फिर से काम कर सकते हैं। यह फिल्म 'मैं हूं ना 2' हो सकती है। इसमें शाहरुख डबल रोल में नजर आ सकते हैं। अभी इसकी स्क्रिप्ट तैयार हो रही है। शाहरुख दोनों प्रोजेक्टस को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह जून 2026 तक अपनी अगली फिल्म का फैसला ले लेंगे। इसके लिए वह इंडस्ट्री के कई लोगों से मिल भी रहे हैं।

## कब रिलीज होगी 'किंग'?

'किंग' 24 दिसंबर 2026 को क्रिसमस के समय रिलीज हो सकती है। उसके बाद जनवरी या फरवरी 2027 में शाहरुख अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस नई फिल्म के लिए एक बड़े नाम के डायरेक्टर से भी बात चल रही है।

# सरकार 4 मेरे सारे पाप धो देगी

**पॉपुलर पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म सीरीज 'सरकार' के तीन पार्ट आ चुके हैं, जिसमें अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन और मनोज बाजपेयी जैसे कलाकार नजर आ चुके हैं। अब फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने इस फिल्म को लेकर बड़ा ऐलान किया है।**

फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉपुलर पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म सीरीज 'सरकार' की अगली फिल्म 'सरकार 4' का ऐलान कर दिया है। निर्देशक ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'मैं 'सरकार 4' बना रहा हूं। इसकी शूटिंग मैं अगले महीने से शुरू करने वाला हूं।' उन्होंने अपने एक और प्रोजेक्ट 'द सिंडिकेट' के बारे में भी बात की। इस पर मजाक करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे सारे पाप धो देगी। राम गोपाल वर्मा ने यह जानकारी रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के दौरान दी। 'सरकार' सीरीज की शुरुआत साल 2005 में हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने सुभाष नागरे का दमदार किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन भी नजर आए थे, जिन्होंने इस फिल्म में अमिताभ के बेटे 'शंकर' के किरदार निभाया था। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'सरकार राज' 2008 में रिलीज हुई, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन भी अहम भूमिका में थीं। फिर 2017 में 'सरकार 3' आई, जिसमें अमिताभ और अभिषेक के अलावा यामी गौतम, मनोज बाजपेयी और अमित साध जैसे कलाकार दिखाई दिए थे। अब 'सरकार 4' की घोषणा के बाद फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है।



# 'मेस' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे ऋतिक रोशन

ऋतिक रोशन ने आज आगामी फिल्म 'मेस' की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनके चचेरे भाई ईशान रोशन भी नजर आ रहे हैं। जानिए किस पर आधारित है फिल्म 'मेस'।

फिल्म की कहानी कुछ चोरों की है, जो एक ऐसे व्यक्ति के घर में चोरी करने जाते हैं, जो ओसीडी से ग्रसित होता है। जैसे-जैसे रात बीतती है, चोरों को पता चलता है कि घर की हालत वैसी नहीं है जैसी उन्होंने सोची थी। अब शायद उन्हें ही मुश्किल में पड़ना पड़ेगा और रात भर जीवित बचना होगा। यह एक मजेदार और हल्की-फुल्की कॉमेडी होगी। ऋतिक रोशन 'मेस' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

फिल्म में ऋतिक के अलावा और कौन-कौन से कलाकार होंगे इसकी जानकारी जल्द आएंगी। इसके अलावा इसकी रिलीज डेट की तारीख भी जल्द ही सामने आएगी।





# भारत में किसी अवॉर्ड फंक्शन के दौरान किसी भारतीय स्टार को रोस्ट नहीं कर सकते

**अभिनेता और स्टैंड अप कॉमेडियन वीर दास अपनी बेबाकी के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में ऑस्कर में अवॉर्ड फंक्शन के दौरान होस्ट कॉनन ओ ब्रायन द्वारा कई स्टार्स को रोस्ट करने किया गया। इसे देखने के बाद वीर दास का कहना है कि भारत में ऐसा नहीं किया जा सकता है। भारत में किसी अवॉर्ड फंक्शन के दौरान भी किसी भारतीय स्टार को रोस्ट नहीं कर सकते।**

## इसलिए कॉमेडियन को चुना जाता है होस्ट

वीर दास भारत में कुछ अवॉर्ड समारोहों को होस्ट कर चुके हैं। इसके अलावा वह 52वें इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स को भी होस्ट कर चुके हैं। लेकिन वीर दास का मानना है कि भारत में रोस्टिंग स्टाइल में होस्टिंग नहीं की जा सकती। अपने एक्स अकाउंट पर इस बारे में लिखते हुए वीर दास ने कहा, 'भारत में गेर्विस या कॉनन की तरह किसी बड़े फिल्म पुरस्कार समारोह की मेजबानी क्यों नहीं की जाती? दरअसल, मैंने पांच साल तक कई भारतीय पुरस्कारों के लिए स्क्रिप्ट लिखी है। इसका कारण यह है: ऑस्कर या फिल्म अवॉर्ड्स की किसी कॉमेडियन द्वारा मेजबानी किए जाने का मकसद यह है कि एक रात के लिए, एक मसखरा दुनिया के सबसे खूबसूरत चुने हुए लोगों को मानवीय रूप दे सके। क्योंकि उन्हें पहले से ही सम्मानित किया जा रहा होता है। ऐसे में कोई भी मजाक जोरदार हो जाता है।'

## बुरा मान जाते हैं भारतीय सितारे

हालांकि, वीर दास ने आगे बताया कि भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? उन्होंने आगे कहा, 'यहां, सितारों का अहंकार अपने स्तर से नीचे के किसी भी व्यक्ति के मजाक को बर्दाश्त नहीं करता। विडंबना यह है कि जितना बड़ा स्टार होस्ट करता है, मामला उतना ही पेचीदा हो जाता है। क्योंकि उस स्तर पर तो सिर्फ तीन ही लोग होते हैं। इसलिए एक बड़े स्टार का होस्ट करना वहां मौजूद लोगों के लिए तो ठीक रहता है, लेकिन देखने वालों के लिए हमेशा मजेदार नहीं होता। ऐसा इसलिए क्योंकि सत्ता का संतुलन बिगड़ जाता है।'

## 98वें ऑस्कर में कॉनन ओ ब्रायन ने किया रोस्ट

कॉनन ओ'ब्रायन ने लगातार दूसरे साल ऑस्कर की मेजबानी की। शो के दौरान उन्होंने पिछले कुछ महीनों से सामाजिक-सांस्कृतिक चर्चाओं में छाए कई मुद्दों पर बात की। इनमें ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष से लेकर एआई एआई के बढ़ते खतरे तक शामिल हैं। उन्होंने टिमोथी चालमेट की ओपेरा और बैले पर की गई टिप्पणियों पर भी तंज कसा, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं।

## 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' में नजर आए थे वीर

वर्कफ्रंट की बात करें तो वीर दास को आखिरी बार 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' में देखा गया था। इससे उन्होंने निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा। इस फिल्म में मोना सिंह भी हैं, साथ ही आमिर खान और इमरान खान की विशेष भूमिकाएं भी हैं। आमिर खान प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई।



# एमआरपी से ज्यादा वसूली पर बेकाबू हालात : जिले में शराब ठेकों की खुली लूट, प्रशासन नाकाम!

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में शराब ठेकों पर एमआरपी से अधिक कीमत वसूली का मामला अब गंभीर ही नहीं, बल्कि खतरनाक रूप ले चुका है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि आम जनता खुद को ठगा हुआ और असहाय महसूस कर रही है, जबकि जिम्मेदार विभाग पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहा है। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन ने इस अव्यवस्था के सामने घुटने टेक दिए हों। जिले के लगभग हर क्षेत्र से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं कि शराब ठेकों पर खुलेआम लूट मचाई जा रही है। निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य की धज्जियां उड़ाते हुए ठेके संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं। यह कोई छिपा हुआ खेल नहीं, बल्कि सब कुछ खुलेआम हो रहा है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि या तो निगरानी तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं। स्थिति की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि यह अवैध वसूली अब पूरे जिले में सामान्य बात बन गई है। कहीं भी ऐसा नहीं दिखता कि नियमों का




पालन किया जा रहा हो। इससे न केवल उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण हो रहा है, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी सीधा सवाल खड़ा हो रहा है। स्थानीय लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। उनका साफ आरोप है कि शराब माफियाओं और आबकारी विभाग के बीच गहरी मिलीभगत के कारण ही यह खेल बेरोकटोक जारी है। ठेके संचालकों को किसी कार्रवाई का डर नहीं है, जिसके चलते वे ग्राहकों से जबरन अधिक पैसे वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं, विरोध करने वाले लोगों को डराने-धमकाने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जो प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट प्रमाण है। इस पूरे मामले ने आम नागरिकों के मन में प्रशासन के प्रति अविश्वास पैदा कर दिया है। लोगों को अब यह लगने लगा है कि उनकी शिकायतों का कोई मतलब नहीं रह गया है। इससे समाज में असंतोष और आक्रोश तेजी से बढ़ रहा है, जो कभी भी बड़े विरोध का रूप ले सकता है। इसी बीच जिले में बढ़ती नशेड़ियों की संख्या ने हालात को और भयावह बना दिया है। सार्वजनिक स्थानों पर नशे में धुत लोगों द्वारा उत्पात मचाना अब आम दृश्य बन गया है। सड़कों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में आए दिन हंगामे की घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं और बच्चे हो रहे हैं, जो खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। परिवारों में तनाव बढ़ रहा है और सामाजिक माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा, जो स्थिति को और चिंताजनक बना रहा है। हालांकि कई सामाजिक संस्थाओं और एनजीओ ने नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाए, लेकिन यह प्रयास भी लगभग बेअसर साबित हो रहे हैं। जब तक शराब बिक्री में पारदर्शिता नहीं लाई जाएगी और अवैध वसूली पर सख्ती नहीं होगी, तब तक इन अभियानों का कोई खास असर दिखाई नहीं देगा। स्थिति तब और बिगड़ गई जब हाल ही में राज्य सरकार ने शराब की कीमतों में वृद्धि की। पहले से महंगी शराब अब कालाबाजारी के कारण आम आदमी की पहुंच से और दूर हो गई है। इसके परिणामस्वरूप नशे के आदी लोग सस्ते और खतरनाक विकल्पों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। भांग, देसी शराब और अन्य जहरीले पदार्थों का सेवन बढ़ रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कई मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकता है, लेकिन इस दिशा में भी कोई ठोस रोकथाम नजर नहीं आ रही है। कि यह पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से चलाया जा रहा है, जिसमें अवैध कमाई को प्राथमिकता दी जा रही है। जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य पूरी तरह नजरअंदाज कर दिए गए हैं। आबकारी विभाग की निष्क्रियता या संभावित मिलीभगत ने इस समस्या को विकराल रूप दे दिया है। अगर जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या नियंत्रण से बाहर हो सकती है। लेकिन वर्तमान हालात को देखकर ऐसा नहीं लगता कि प्रशासन इस दिशा में गंभीर है। फिलहाल, जिले में फैली यह अराजकता प्रशासनिक विफलता, भ्रष्टाचार और कानून के कमजोर होते प्रभाव की कड़वी सच्चाई को उजागर कर रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को रोज भुगतना पड़ रहा है।

## बेगूं विधायक ने लिया मूर्ति अनावरण की तैयारियों का जायजा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने बेंगू विधायक सुरेश धाकड़ व श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन धाकड़ बिजौलियां पहुंचे। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये और बताया कि बेंगू क्षेत्र से भी हजारों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ तथा ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## गूंजा मां महाकाली का जयघोष, सहस्रचंडी महायज्ञ जारी



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)।** सीकर जिले के चिपलाटा स्थित होला की ढाणी में विराजमान 800 वर्ष प्राचीन दक्षिणेश्वरी महाकाली शक्तिपीठ में आयोजित सहस्रचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन भक्ति का अद्भुत माहौल रहा। महायज्ञ में दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां भगवती की आराधना कर रहे हैं। यज्ञ के दौरान अब तक करीब 7 लाख आहुतियां दी जा चुकी हैं, जिससे पूरा क्षेत्र मंत्रोच्चार से गूंज रहा है। महंत सुरेश दास महाराज ने बताया कि मां के दरबार में सच्चे मन से आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महामंडलेश्वर बजरंगदास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस यज्ञ में 35 विद्वान ब्राह्मण वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दे रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन 3 से 4 हजार लोगों का भंडारा भी चल रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## ईसीसीई को सशक्त बनाने की दिशा में रॉकेट लर्निंग की पहल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग धौलपुर के सहयोग से रॉकेट लर्निंग की ओर से जिले में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीसीई) को सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इस पहल के अंतर्गत जिले के सभी सेक्टरों में 900 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण की शुरुआत सरमथुरा ब्लॉक से की गई थी, जिसका समापन बसेड़ी सेक्टर में हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शाला पूर्व शिक्षा को और बेहतर बनाना है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को ईसीसीई कैलेंडर के आधार पर बच्चों के समग्र विकास, दैनिक दिनचर्या के प्रभावी संचालन तथा गतिविधि आधारित शिक्षण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक गायत्री किरार व विशाल गोस्वामी ने प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सीडीपीओ रत्नेश यादव जी के हाथों उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर अंकी शुक्ला, जिला समन्वयक गायत्री किरार कंटेंट टीम से कुलदीप, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' अभियानः पुलिस ने नाकाबंदी कर लगाए रेडियम स्टिकर, वाहन चालकों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से धौलपुर पुलिस द्वारा 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' अभियान के तहत विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में जाटोली चौकी पर चौकी इंचार्ज गोपाल, हेड कांस्टेबल रोमन सिंह एवं कांस्टेबल देवेंद्र सिंह गुर्जर ने नाकाबंदी कर वाहन चालकों और राहगीरों को जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने वाहनों और पदयात्रियों के बैग्स पर रेडियम स्टिकर लगाए, ताकि रात के समय उनकी दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। साथ ही वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस ने लोगों को संदेश दिया कि जीवन अमूल्य है, इसलिए हमेशा सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान नींद आने पर वाहन न चलाने, शराब या किसी भी प्रकार के नशे में ड्राइविंग से बचने की अपील की गई। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करना हर नागरिक का कर्तव्य है। राज्य सरकार द्वारा गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 10,000 की सहायता राशि देने का प्रावधान है, इसलिए किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं और जरूरतमंद की मदद जरूर करें। इस अभियान के जरिए पुलिस आमजन में जागरूकता बढ़ाकर सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास कर रही है।



## जालोर प्रतिनिधित्व के साथ जयपुर में भाजपा राजपुरोहित समाज की अहम बैठक संपन्न



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** भाजपा राजस्थान राजपुरोहित समाज की प्रदेश कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जयपुर में 'राजनीतिक जन चेतना संवाद' कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता रेवतसिंह खींचन व डॉ. जोगेंद्रसिंह सिलोर ने किया। बैठक में विभिन्न समसामयिक राजनीतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी पंचायतीराज व निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए राजस्थान भाजपा राजपुरोहित राजनीतिक मंच को और अधिक मजबूत व सशक्त बनाने पर रणनीति तैयार की गई। प्रदेशभर के मंडल, जिला व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ शीघ्र ही एक विशाल बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत राजपुरोहित समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर शिष्टाचार भेंट की और समाज व संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित (पूर्व सरपंच, सायला) ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से उन्हें इस बैठक में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान करना गौरव की बात है और वे इसके लिए संगठन के आभारी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में राजपुरोहित समाज की भूमिका और अधिक प्रभावी होगी। बैठक में सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी चैनसिंह राजपुरोहित, खुशालसिंह राजपुरोहित, रामसिंह बोथिया, मधुसूदन राजपुरोहित (प्रधान, सरदारशहर), उपेंद्र देसलसर, चैनसिंह राजपुरोहित (कोलायत), निर्मल राजपुरोहित, प्रवीणसिंह राजपुरोहित (नारवा) सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जालोर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में इस बैठक को लेकर उत्साह का माहौल है तथा आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## श्रीराम नवमी पर सुमेरपुर बनेगा आस्था का महासागर

### कुमावत समाज का विराट आयोजन, शोभायात्रा से लेकर सांस्कृतिक उत्सव तक गूंजेगा शहर

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर 26 मार्च को सुमेरपुर में कुमावत समाज की ओर से भव्य, आकर्षक व ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। इस महाआयोजन को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह का माहौल है और तैयारियां पूरे जोर-शोर से अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

श्री कुमावत सेवा संस्थान के अध्यक्ष नारायण गहलोत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुमावत समाज भवन में होने वाला यह आयोजन भव्यता के नए आयाम स्थापित करेगा। समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:15 बजे भगवान श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा से होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं का उत्साह शहर को राममय बना देगा। इसके पश्चात प्रातः 10:15 बजे समाज सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें समाज की एकता, संगठन और विकास को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 11:15 बजे बालिकाओं की ओर से ओढ़नी ओढ़ाकर स्वागत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगी। अंत में प्रातः 11:30 बजे महाप्रसादी (भोजन प्रसादी) का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह सम्पूर्ण आयोजन शिलालाल नारायणलाल मेवाड़िया की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कार्यक्रम के लाभार्थी शिलालाल नारायणलाल परिवार की इस प्रेरणादायी पहल को आगे बढ़ाते हुए महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीरामजी की शोभायात्रा व कार्यक्रम में भाग लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का करें त्वरित निस्तारणः गावड़े

### कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी औसत समय में कमी लाते हुए परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। इस अवसर पर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, वन विभाग के एसीएफ भंवर सिंह सोढ़ा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा, जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## पदोन्नति नहीं तो काम नहींः ग्राम विकास अधिकारियों का प्रदेशभर में आंदोलन शुरू



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान में ग्राम विकास अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ (पंजी.) जयपुर के आह्वान पर सोमवार से धौलपुर सहित प्रदेशभर में 'पदोन्नति नहीं तो काम नहीं' के नारे के साथ चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया। पहले चरण में ग्राम विकास अधिकारियों ने जिला मुख्यालयों पर एकत्र होकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों का कहना है कि उनकी पदोन्नति कई वर्षों से लंबित पड़ी है, जिससे उनमें भारी रोष व्याप्त है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पदोन्नति के साथ-साथ कैडर स्ट्रेंथ बढ़ाने और अन्य प्रशासनिक मांगों को लेकर भी कई बार सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 8 अप्रैल 2026 को सभी ग्राम विकास अधिकारी सामूहिक अवकाश लेकर कार्य बहिष्कार करेंगे, जिससे पंचायत स्तर पर कामकाज प्रभावित हो सकता है। इसके अगले दिन 9 अप्रैल को जयपुर सचिवालय पर महापड़ाव आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से अनदेखी के चलते अब उनके पास आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अब राज्य सरकार के रुख पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं कि वह इस आंदोलन को लेकर क्या कदम उठाती है।

## सरमथुरा के वन खंडों में करोड़ों के प्लांटेशन घोटाले के आरोप, पुराने काम को नया दिखाने का खेल उजागर

### दीवारों की मरम्मत को बताया नया निर्माण, पेड़ों को हटाकर दिखाया जा रहा नया रोपण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के सरमथुरा क्षेत्र के विभिन्न वन खंडों में प्लांटेशन कार्यों को लेकर बड़े घोटाले के आरोप सामने आए हैं। रिझोनी वन खंडा, खुर्दिया वन खंडा, वन खंडा A एवं B, बड़ागांव और गडखो क्षेत्र में कराए गए कार्यों पर स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि यहां करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमितता की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार, इन क्षेत्रों में पुराने प्लांटेशन कार्यों को ही नया बताकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। आरोप है कि पहले से बनी दीवारों की केवल मरम्मत कर उन्हें नए निर्माण के रूप में दर्शाया जा रहा है। वहीं कई स्थानों पर पहले से लगे पौधों को हटाकर या नष्ट कर नए गड्ढे (पिट) खोद दिए गए, ताकि कागजों में नया प्लांटेशन दिखाया जा सके। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जेसीबी मशीनों की मदद से पुराने पेड़ों को नुकसान



पहुंचाया गया है, जिससे पर्यावरण को भी हानि हुई है। उनका कहना है कि यह पूरा खेल कागजी कार्यवाही के जरिए नए विकास कार्य दिखाकर भुगतान उठाने का है। ग्रामीणों ने संबंधित नाका प्रभारियों और अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब भी उच्च अधिकारी जांच के लिए आते हैं, तो केवल औपचारिक निरीक्षण कर वापस लौट जाते हैं, जिससे वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ पाती। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि वन विभाग और जिला प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर क्या रुख अपनाते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रोजडी पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. रोजडी / निविदा / लेखा / 2025-26/17 दिनांक 20-3-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत रोजडी के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB02966
TENDER ID - 2026_ PRD_ 547868-1

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत रोजडी**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रोजडी**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

## किसान नेता गोपाल सिंह खण्डेला की 28वीं पुण्यतिथि आज, 'प्रेरणा दिवस' के रूप में होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स



**खण्डेला(निस)।** राष्ट्रीय किसान जननेता व राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री गोपाल सिंह खण्डेला की 28वीं पुण्यतिथि मंगलवार को 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन सोनगिरी बावड़ी स्थित उनकी मूर्ति स्थल पर किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें खण्डेला क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान, उनके अनुयायी व क्षेत्रवासी भाग लेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोग खण्डेला की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि गोपाल सिंह खण्डेला ने किसान हितों के लिए जीवनभर संघर्ष किया और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा लेकर किसान आज भी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में किसान नेता व पूर्व मंत्री बंशीधर बाजिया सहित कई जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है।

## महनसरिया ने किया दंडवत यात्रा का समर्थन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को कांग्रेस जनों ने पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित कर 17 फरवरी से संत स्वामी राजगिरी महाराज द्वारा करौली से शुरू हुई कठोर दंडवत यात्रा का महनसरिया ने स्वागत किया है। यह यात्रा विभिन्न शहरों व गांवो से गुजरते हुए गुजरात राज्य के द्वारकाधीश तक 2311 किलोमीटर तक कठोर दंडवत यात्रा कर महनसरिया ने सचिन पायलट को ईश्वर से राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने की कामना की। पायलट के मुख्यमंत्री बनने से प्रदेश वासियों का सर्वांगिण विकास होगा। इस अवसर पर अमर सिंह दनेवा, लक्ष्मण सिंह न्यौल, मुंशी खान, कालूराम महर्षि, सलीम पिए, किसनाराम बाबल, अयूब खान मलखान, मुबारिक खान, महबूब कुरैशी, शिवम सोनी, जंगशेर खान, एडवोकेट मनोज महनसरिया, लक्ष्मण मेहरा, इंदुखां फतेहखानी, योगेश शर्मा, परमेश्वर रैगर, पप्पू राम भाटी, ललित मेघवाल, शाहरुख लुहार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी के प्रयास लाए रंग संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में जयपुर जिले का राज्य में प्रथम स्थान

### महिला व बाल विकास विभाग ने भी समस्त संकेतकों में हासिल की शत-प्रतिशत उपलब्धि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की ओर से जारी बीस सूत्री कार्यक्रम की नवीनतम रैंकिंग में जयपुर जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के प्रभावी निर्देशन, सतत मॉनिटरिंग व विभागीय समन्वय के परिणामस्वरूप जिले की समग्र रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है, जो विभागीय कार्यप्रणाली की दक्षता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत पम्पसेट ऊर्जीकरण में राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 200 प्रतिशत तक प्रगति प्राप्त की गई है, जो जिले के किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्य आयोजना अधिकारी ने बताया कि संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है। इसके साथ ही अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करने में भी जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है, जिससे सामाजिक सुरक्षा एवं शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा संचालित पौधारोपण अभियान में जयपुर जिले को 'ए ग्रेड' प्राप्त हुआ है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिले की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त अन्य शेष संकेतकों में भी निरंतर सुधार दर्ज किया गया है। मुख्य आयोजना अधिकारी ने यह भी बताया कि जयपुर जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के क्षेत्र में राज्य औसत से अधिक उपलब्धि हासिल की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विस्तृत कार्ययोजना बनाकर शेष संकेतकों में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम केवल रैंकिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, नवाचारों को अपनाने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि आगामी रैंकिंग में जयपुर जिला राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सके और आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## सूरतगढ़ एसडीएम के आदेश के खिलाफ सरदारशहर में आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में सूरतगढ़ उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीणा की ओर से नायक और धानका जाति के अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्रों को अवैध घोषित करने के आदेश के बाद समाज में गहरा रोष व्याप्त है। सोमवार को सरदारशहर के नायक व धानका समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इस आदेश को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि सूरतगढ़ एसडीएम भरत जयप्रकाश मीणा द्वारा 11 मार्च को जारी में एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में नायक, नायका, धानक और धानका जातियों को अनुसूचित जनजाति के दायरे से बाहर करने और उनके पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों को अवैध घोषित करने की बात कही गई है। समाज के प्रबुद्धजनों का कहना है कि ये जातियां दशकों से संवैधानिक रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग में सम्मिलित हैं। स्थानीय स्तर पर एसडीएम द्वारा ऐसा आदेश जारी करना सीधे तौर पर संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आदेश में स्थानीय बोलचाल और जातिगत नामों की व्याख्या गलत तरीके से की गई है जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नियमों के विरुद्ध है। इस एकतरफा फैसले से हजारों युवाओं, छात्रों और सरकारी कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक गया है। परीक्षाओं और नियुक्तियों में उनके प्रमाण पत्रों की वैधता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। समाज के युवाओं ने मांग की है कि इस विवादित आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ने इस मामले में त्वरित और संवेदनशील निर्णय नहीं लिया तो समाज राज्य स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगा। इस अवसर पर गुरू धानका, खींवाराम नायक, डूंगराराम नायक, निरंजन धानका, मुनीराम नायक, गिरधारी लाल धानका, सुरेन्द्र कुमार नायक, भंवरलाल नायक, हनुमानमल नायक, समुन्द्रराम नायक, महंत मुनीनाथ नायक, महंत श्यामनाथ नायक, सोनू नायक कल्याणपुरा, बुद्धाराम करनसर, सहीराम, चुन्नीलाल, टीकूराम जीवनदेसर सहित समाज के अनेक युवा और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## जयपुर में कांग्रेस की ओर युवाओं का रुझान, दर्जनों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

### जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा के सानिध्य में जॉइनिंग कार्यक्रम, संगठन को मिलेगी नई मजबूती

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** प्रदेश की राजनीति में युवाओं का रुझान तेजी से कांग्रेस की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। मंगलवार को जयपुर में आयोजित एक भव्य जॉइनिंग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जयपुर जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि वरिष्ठ नेता महेश शर्मा और गोपाल नावरिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन के पीछे मुख्य भूमिका सुनील जाखड़ की रही, जिन्होंने युवाओं को पार्टी से जोड़ने में अहम योगदान दिया। उनके कुशल संगठन और प्रबंधन के चलते दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास जताते हुए पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल महामंत्री रहे जय सिंह राठौड़ (इन्दोखा) सहित सभी नवागंतुक कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर आशीष पंवार, दीपक, देशराज, आयुष, अक्षय जाखड़, सुरेन्द्र पंवार, मनीष सिंह, सिद्धार्थ बैरवा, जितेन्द्र सिंह, प्रिंस, राजवीर सिंह, शुभम सिंह, पियूष, शक्ति सिंह, मुकसा, गौरव सिंह, गंगा सिंह, हिम्मत, वैभव ओझा, रोहित, विजय प्रजापत, जितेंद्र सैन, हजारी सिंह एवं नरेन्द्र सिंह सहित अनेक युवा शामिल हुए। जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता अब सकारात्मक राजनीति और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए साथियों के जुड़ने से जयपुर में संगठन को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का मंच संचालन धीरज शर्मा व देवेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। अंत में सभी नव-नियुक्त सदस्यों ने कांग्रेस की रीति-नीति पर चलने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
24 मार्च, 2026

## सरकार की योजनाओं के तहत कक्षा 9 की छात्राओं को मिली साईकिल, खिले चेहरे



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव मीतासर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य सरकार की बहु आयामी योजना के अंतर्गत कक्षा 9 की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामकृष्ण मीणा ने बताया कि कक्षा 9 में पढ़ने वाली 31 नियमित छात्राओं को विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। राजकीय विद्यालयों में नियमित विद्यार्थी के रूप में पढ़ने वाली कक्षा 9 की बालिकाओं को साइकिल वितरण के साथ और भी बहुत सारी विद्यार्थीहित कल्याणकारी योजनाएं हैं। इनका अधिक से अधिक लाभ राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को मिले इस संबंध में सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विजय कुमार गोदारा, उप प्रधानाचार्य अजीत सिंह चारण, शिक्षक अरुण शर्मा, पूजा, माया चरण, बाबूलाल स्वामी, शंकर लाल शर्मा, पवन कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र, महिपाल, विकास गांधी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## महर्षि गौतम की जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के सेठिया भवन में अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड ब्राहमण महासभा की ओर से न्यायशास्त्र के रचियता महर्षि गौतम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उपस्थित लोगों ने महर्षि गौतम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। तत्पश्चात वक्ताओ ने महर्षि गौतम की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शो पर चलने व महर्षि गौतम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा सामाजिक बुराइयों को त्यागने व संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर खिवकरण जोशी, गुर्जर गौड ब्राहमण महासभा के पूर्व तहसील अध्यक्ष अरुण शर्मा, तुलसीराम जोशी, भारत भूषण पिरगावत, गोविन्द प्रसाद गील, विनोद उपाध्याय, बजरंग जोशी, नरेश उपाध्याय, राकेश लमाणी, प्रेम प्रकाश जोशी, विद्याधर जोशी, विजय वत्स, अनन्त कुमार गील, तरुण उपाध्याय, विमल जोशी, बाबुलाल उपाध्याय, नवीन उपाध्याय, हेमन्त पिरगावत, सोनू वत्स, यश गील, नितेश उपाध्याय सहित गुर्जरगौड़ समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** शहीद दिवस के अवसर पर तारानगर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कस्बे के साहवा रोड स्थित भगतसिंह के स्मारक पर पहुंचकर अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव सिंह व राजगुरु को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने भगत सिँह अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भगत सिँह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, शिक्षक नेता वीरबहादुर सिंह राठौड़, लीलाधर प्रजापत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नंदू पटीर युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद हरी इंदौरिया, पार्षद किशन सहारण, मुकेश शर्मा, त्रिलोक रैगर, मनोहर सैनी, अशोक जांगिड़, पुष्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के माँ जालपा देवी महाविद्यालय में 26 मार्च को प्रातः 10:30 बजे आयोजित होने वाले भव्य लोकार्पण व सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम सफल व सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि इस दिन विज्ञान भवन के नवीन कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया जाएगा तथा प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। खंडेलवाल ने आगे बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ करेंगे। विशिष्ठ अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारन, पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया सहित उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, शिक्षक नेता वीरबहादुर सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच लीलाधर प्रजापत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नंदू पटीर युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद हरी इंदौरिया, पार्षद किशन सहारण, त्रिलोक रैगर, मनोहर सैनी, अशोक जांगिड़, पुष्कर शर्मा सहित पार्टी के लोग उपस्थित रहे।

### पीडब्ल्यूडी ने शुरू किया रोड कट मरम्मत अभियान

# रोड कट मरम्मत अभियान से झुंझुनूं शहर को मिलेगी राहत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर की सड़कों पर बने गड्ढों और कटाव से परेशान आमजन को राहत देने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने विशेष रोड कट मरम्मत अभियान शुरू किया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और अधिक यातायात वाले स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं।



पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद गुप्ता ने बताया कि जलदाय, विद्युत एवं दूरसंचार विभागों की ओर से पाइपलाइन और केबल बिछाने के दौरान कई स्थानों पर सड़क कटिंग की गई थी। समय पर मरम्मत नहीं होने से इन जगहों पर गड्ढे बन गए, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पहले से चिन्हित स्थलों पर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि सड़कें समतल हों और आवागमन सुगम बन सके। अभियान के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे मरम्मत कार्य टिकाऊ रहे और बार-बार समस्या उत्पन्न न हो। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र की सड़कों की स्थिति में सुधार लाना और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराना है। साथ ही विभाग ने भविष्य में इस प्रकार के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

## शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया नमन

### शहीदों के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने राजकीय एसबीडी महाविद्यालय में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने शहीदों के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया। शहीदों के जीवन और संघर्ष पर चर्चा की गई। छात्रों ने शहीदों के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। एसएफआई के नेताओं ने शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य कविता शर्मा ने शहीदों जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार उन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया व देश के लिए अपना पुरा जीवन न्योछावर कर दिया। जिला सचिव संदीप भारतीय ने बताया कि शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए



अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी दिलाने में अपना बलिदान दिया। हम उनके आदर्शों को अपनाने और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। संदीप भारतीय ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए छात्रों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो शेर सिंह, डॉ प्रभाकर दीक्षित, लीलाधर, सन्त कुमार मीणा, तहसील अध्यक्ष अनिल बरोड़, सचिव राजकुमार मेघवाल, भरतराज बरोड़, ओमप्रताप रामसीसर, जयपाल, दिनेश डालमाण आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** केंद्र व राज्य सरकार की एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना के अंतर्गत कृष्ण आर्ट पैलेस रीको चुरु में दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इस रगसैक मीडिया एंड इवेंट्स की टीम की ओर से जानवी शर्मा ने प्रशिक्षण प्रदान किया इस अवसर पर खेसारी लाल जांगिड़ ने कौशल विकास की प्रशिक्षण सीहोर की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में स्थानीय उधमियों व्यापारियों तथा नए व्यवसाय शुरू करने की इच्छुक युवाओं को विभिन्न जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल रूप से सक्षम किया गया। शिविर के प्रारंभ में गिरधारी लाल जांगिड़ ने बताया कि अपने उत्पादों को ऑनलाइन और सोशल मीडिया के माध्यम से आप कैसे बेच सकते हो और उन्होंने बताया कि अपने उत्पादों को देश विदेश के अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक कैसे पहुंचाया जा सकता हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार से जुड़ी विभिन्न योजना की जानकारी दी इस दौरान चुरू जिले के वुडन हैंडीक्राफ्ट लकड़ी से जुड़े कार्यक्रम और उद्योगों को ऑडिओपी योजना की अंतर्गत जानकारी दी। चूरू क्षेत्र के सभी उधमियों व्यापारियों व आमजन से अपील की गई है की अधिक से अधिक संख्या में भाग ले। इस अवसर पर रगसैक मीडिया एंड इवेंट्स कि जानवी शर्मा, मुकेश शर्मा ने ओडीओपी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर पवन सैनी, केशव शर्मा, भवानी सिंह, बाबूलाल आदि मौजूद रहे।

## झुंझुनूं पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की कॉन्फ्रेंस, नई कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान की ओर से पुलिस लाइन झुंझुनूं के सभागार में कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ महासचिव इस्माइल खां, संभाग अध्यक्ष सुरेन्द्र दानोदिया, वृताधिकारी ग्रामीण हरी सिंह धायल और युवा लेखक एवं प्रोफेसर डॉ. जुल्फिकार सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस्माइल खां ने कहा कि पहले सरकारी सेवा के माध्यम से समाज की सेवा की जाती थी, अब सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन और समय का सदुपयोग कर समाज के लिए कार्य करना चाहिए। संभाग अध्यक्ष सुरेन्द्र दानोदिया ने कहा कि वृद्ध व बीमार सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के घर जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछना संस्थान की प्राथमिकता होनी चाहिए। वृताधिकारी ग्रामीण हरी सिंह धायल ने आश्वस्त किया कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वहीं डॉ. जुल्फिकार ने जीवन को सरल, संतुलित और आध्यात्मिक बनाने पर बल दिया। कॉन्फ्रेंस के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें इन्द्र पाल को उपाध्यक्ष, नानू सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमीलाल को कोषाध्यक्ष, लतीफ खान को सचिव, सुरेन्द्र सिंह को महासचिव, हुकमीचंद को प्रचार मंत्री ग्रामीण, दयानंद को प्रचार मंत्री शहर, लियाकत अली खां को मीडिया प्रभारी और बृजमोहन मीणा को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मदन सिंह, उपाध्यक्ष राजेंद्र स्वामी, मोहम्मद इकबाल, इलियास खां, अमीलाल, सज्जन सिंह, खादिम हुसैन, हुकमीचंद, दयाराम, महेंद्र सिंह, दयानंद, लियाकत अली, बनवारी लाल, मासुक अली खां, खुर्शीद अहमद खां, अमरसिंह ओला, सत्यप्रकाश जांगिड़, रामप्रसाद, गोविंद राम, बब्बन सिंह सहित अनेक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

## मण्डावा में भागवत कथा का समापन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेड़ी धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को समापन हो गया। कथावाचक श्रीकृष्णकांत उपाध्याय ने अपनी मधुर वाणी से भागवत के दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन प्रसंग ने श्रोताओं को विशेष रूप से भावुक कर दिया। कथा के मुख्य प्रसंगों में भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा का मिलन शामिल था। महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता अहंकार और अपेक्षा से रहित होती है। जब सुदामा द्वारका पहुंचे, तो भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं नंगे पांव दौड़कर उनका स्वागत किया और प्रेमपूर्वक उनके चरणों को अपने आंसुओं से धोया। यह प्रसंग निस्वार्थ प्रेम और भक्ति का अनुपम उदाहरण है। कथा में राजा परीक्षित के मोक्ष का भी विस्तार से वर्णन किया गया। बताया गया कि तक्षक नाग के दंश के बावजूद, सात दिनों तक भागवत कथा श्रवण करने के प्रभाव से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कलियुग में भगवान के नाम संकीर्तन, विशेषकर 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप, मुक्ति का सरल और सर्वोत्तम मार्ग है। कथा के समापन पर विधिवत व्यास पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुनीता कुमावत, मीनू जेजूसरीया सरोज, यशोदा लक्ष्मी, ललिता रिंकू, नेहा, भावना, प्रियांशी, संजू,अंजू, इंद्रा, पूनम, राजेश कुमावत,
श्रीचंद कुमावत, आयुष, हिमांशु, सौरभ, सुमित, करण, कमल,आनंद, पारश, योगेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मण्डावा में ओलावृष्टि से फसलें तबाहः किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र में हाल ही में हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुँचाया है। अचानक बदले मौसम के कारण खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसी समस्या को लेकर क्षेत्र के किसानों ने एड़वोकेट राजकुमार सैनी की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मण्डावा तहसीलदार डा. सुरेन्द्र भास्कर को सौंपकर मुआवजे की गुहार लगाई है। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि उनकी कई महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। गेहूं, चना और अन्य फसलें ओलावृष्टि से पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। इस आपदा के कारण किसान न केवल आर्थिक रूप से कमजोर हुए हैं, बल्कि उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। कई किसान अब कर्ज में डूबने और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में असमर्थ हैं। किसानों ने तहसीलदार से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराने



और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। इसके साथ ही, कृषि ऋण में छूट, निःशुल्क राहत सामग्री और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की भी अपील की गई है, ताकि किसान इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में बनवारी लाल यादव, रोहिताश दुलड़, जयकरण जाट, राम कुमार, राजेन्द्र बुड़ानिया, मुकेश यादव, विनोद यादव, मुरारीलाल सैनी, रिद्धकरण सैनी, तारा चन्द इन्दोरिया, दुली चन्द, कमल चोटिया, दिलीप कुमार, शिवराज, अशोक, लखन और अरविंद सहित कई किसान शामिल रहे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है और कहा है कि यदि समय पर सहायता नहीं मिली, तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।

### मण्डावा में शहीद दिवस मनाया

## भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान को किया याद

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के पास पूनम बालिका महाविद्यालय में सोमवार को शहीद दिवस मनाया गया। यह आयोजन भारत के महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करने के लिए किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक प्रवीण बगड़िया और प्रबंधक लोकेन्द्रसिंह शेखावत ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शेखावत ने छात्रों और स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि यह दिवस 23 मार्च 1931 को इन क्रांतिकारियों को दी गई फांसी की याद में मनाया जाता है। उन्हें असेम्बली में बम विस्फोट और ब्रिटिश अधिकारी जॉन सांडर्स की हत्या के आरोप में लाहौर जेल में फांसी दी गई थी। इस घटना ने पूरे भारत में आजादी के लिए आक्रोश बढ़ा दिया और स्वतंत्रता आंदोलन को गति मिली। उन्होंने आगे कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आज भी भारतीय युवाओं के



लिए देशभक्ति, अदम्य साहस और बलिदान के सबसे बड़े प्रतीक हैं। प्राचार्य नीतू ढ़ाका ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रिटिश शासन के विरुद्ध भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के संघर्ष, उनके साहस और बलिदान को पूरे भारत में आज भी आदर के साथ याद किया जाता है।
उन्होंने युवा पीढ़ी से इन महान क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेने और देश की आजादी की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर स्वयं को बलिदान करने के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर बालिकाओं सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मधुमक्खियों के हमले में 12 लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मींगना में मधुमक्खी के हमले मे 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह मींगना गांव मे तालाब के पास काम करते समय मनरेगा मजदूरों पर मधु मक्खीयो ने हमला कर दिया। पीड़ितों को ग्रामीणों और टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार तथा अन्य की सहायता से सुजानगढ़ अस्पताल लाकर इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। पीड़ितों में भागीरथ सिंह, रामसिंह, हरिसिंह, भागीरथ सिंह, रतन सिंह, राधा कँवर, महावीर सिंह, हुकम सिंह, छगन कंवर, पूजा कंवर, राजू सिंह, संदीप सिंह, निवासीगण मींगणा के नाम शामिल हैं। महावीर सिंह की स्थिति गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। महावीर सिंह को काफी ज्यादा डंग लगे थे।

**कार्यालय नगरपालिका बीदासर जिला चूरू (राज0)**

क्रमांकः– निर्माण / (ई–टेण्डर) / 2025–26 / 3971 दिनांकः–19.03.2026

**–: ई–निविदा सूचना संख्या 13/2025–26 :–**

कार्यालय नगरपालिका बीदासर द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यो के लिए कार्य विशेष का अनुभव रखने वाले नगरपालिका बीदासर में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों व अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमत्रिंत की जाती है। निविदा कार्य दिनांक 19.03.2026 को 18:00 बजे से तथा दिनांक 27.03.2026 समय 18.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा जमा करवाई जा सकती है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eprco.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2526B3257
UBN NO.- DLB2526WSOB39476
राज.संवाद / सी / 25 / 23028

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, बीदासर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैजासर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 185 दिनांक :-23.03.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट https// eproc. rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https// eproc.rajasthan.gov.in एवं https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN-
PDN2526WSOB00391, PDN2526WSOB00392, PDN2526WSOB00393,
PDN2526WSOB00394, PDN2526WSOB00395, PDN2526WSOB00396,
PDN2526WSOB00397, PDN2526WSOB00398, PDN2526WSOB00399,

ग्राम पंचायत बैजासर
पंचायत समिति सरदारशहर

प्रशासक
पंचायत समिति सरदारशहर

## अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहीद दिवस के अवसर पर एस. एफ.आई. की ओर से राजकीय सुजला महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। छात्र नेता गौरव स्वामी एवं नारायण शर्मा ने शहीदों के जीवन तथा उनके विचारों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि उनका बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त व न्यायपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश की एकता, समानता व न्याय के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में 'इंकलाब जिंदाबाद' तथा 'छात्र एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए गए। इस अवसर पर कृष्ण खिलेरी, कुलदीप जाट, वीरेंद्र सिंह, गौरव स्वामी, नारायण शर्मा व पंकज पारीक उपस्थित रहे।

## शिक्षाविद् महेंद्र माली का किया अभिनन्दन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार माली का लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से अभिनंदन किया गया। रविवार को ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में ट्रस्ट संरक्षक व सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक रामनिवास शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुभाष जोशी, डॉ अशोक सैनी, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। संचालन राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने किया। वक्ताओं ने माली के तीन दशक के सरकारी सेवा काल व शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया।रामनिवास शर्मा ने कहा कि शिक्षक का जीवन समाज निर्माण की धुरी होता है और माली ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाई। सुभाष जोशी ने ट्रस्ट की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए सेवा कार्यों को विस्तार देने पर जोर दिया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार माली ने आभार जताते हुए शेष जीवन शिक्षा व समाजसेवा को समर्पित करने का संकल्प लिया। ट्रस्ट की ओर से उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में ट्रस्ट पदाधिकारी, कार्यकर्ता व शहर के लोग उपस्थित रहे।

## न्यू राजस्थान टीटी कॉलेज में मनाया शहीद दिवस



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** न्यू राजस्थान टीक्टीक्कॉलेज व राजस्थान टीक्टीक्कॉलेज, बिसाऊ में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले भारत माता के सपूतों भगत सिंह, राजगुरु व् सुखदेवको श्रद्धांजलि देकर शहीद दिवस मनाया गया। कॉलेज निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने देशभक्ति पर प्रकाश डाला जिसमे सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ जितेन्द्र सहारण, डॉ करणीराम बिजारणिया, व्याख्याता सुभाष कपूरिया, डॉ नीतू, कृष्ण कुमार व घनश्याम चौहान उपस्थित रहे।

## भाजपा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत - भवन में सोमवार को भाजपा नगर मण्डल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, अभियान के प्रभारी राहुल कुमास व पूर्व पार्षद संदीप परिहार एवं मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी आदि मंचासिन अतिथि रहे। कार्यक्रम में मंडावा भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक मंच पर उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष सैनी ने बताया की इस अभियान को हर बूथ से स्तर पर हर वार्ड में निचले स्तर तक चलाया जाएगा और सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद इब्राहिम रंगरेज, कैलाश पिपलवा, विद्याधर सैनी, ज्ञानचंद कुमावत, शिवचरण गोड़ोंदिया, दीपक खांडल,अयूब खत्री, अब्दुल रहमान मौम, हनीफ महणसरिया,बाबूलाल सैनी, राकेश आर्य, पार्षद धर्मपाल आर्य,संजय जोशी, गोविंद जोशी, बाल मोहन जांगिड़, जगदीश महरिया, राजकुमार सिंघानिया, आलोक शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, महेश पवार, राजकुमार निर्वाण सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे।

### डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठक

# हार्डकोर अपराधियों, साइबर अपराधियों और नशा तस्करों पर नकेल कसने के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** पुलिस मुख्यालय में सोमवार को महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राज्य की एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में हुई इस बैठक में प्रदेश के सभी रेंज आईजी व जिला पुलिस अधीक्षक वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जन सुरक्षा एवं गंभीर अपराधों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीजीपी शर्मा ने विशेष रूप से परंपरागत अपराधों व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश देते हुए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की गतिविधियों को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आईजी व एसपी को फील्ड स्तर पर सघन मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश में चाक-चौबंद कानून-व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरें और पुलिस की विजिबिलिटी व गश्त (पेट्रोलिंग) को प्रभावी रूप से बढ़ाएं।

### थानों का नियमित निरीक्षण करें

डीजीपी ने जिला पुलिस अधीक्षकों को अनुसंधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अपने अधीनस्थ थानों का नियमित निरीक्षण करने को कहा है। पुलिस कल्याण को अपनी प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि एसपी नियमित रूप से पुलिस लाइन्स का दौरा करें और वहां मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लें। पुलिस कर्मियों के बौद्धिक विकास के लिए पुलिस लाइन्स में लाइब्रेरी की स्थापना, उनके बेहतर उपयोग और पुलिस क्वार्टर्स की समयबद्ध मरम्मत के लिए भी ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन संबंधित पोर्टल की समीक्षा कर मामलों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने और विभिन्न एजेंसी के मध्य समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### सोशल मीडिया पर नजर रखें

डीजीपी ने सोशल मीडिया की राउंड-द-क्लॉक मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपराधियों का महिमामंडन करने या उन्हें प्रोत्साहित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही साइबर थानों को सशक्त बनाने के लिए तैनात कार्मिकों के विशेष प्रशिक्षण, उनकी समस्याओं के समाधान और लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया है। बैठक में डीजीपी ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ई-विजिटर पोर्टल से अधिकाधिक होटलों को जोड़ते हुए राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग तथा आइसीजेएस सर्च को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों एवं रिहायशी क्षेत्रों में लगे निजी सीसीटीवी कैमरों को अभय कमांड सेंटर से जोड़ने पर विशेष बल दिया, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। फ़ोर्स मल्टीप्लायर इफ़ेक्ट के साथ ही अपराध अनुसंधान में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए अधिकारियों को नवीन पोर्टल्स पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। ई-प्रोसिक्यूशन प्रणाली के प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए जांच व अभियोजन प्रक्रिया को तकनीकी रूप से मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) की ओर से भेजे गए फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों की जांच के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक दौरान पुलिस अधिकारियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजन में निर्धारित प्रावधानों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान को तेज करने तथा ब्रेथ एनालाइजर के नियमित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में पुलिस मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## छाजेड़ की आंखों से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी, नेत्रदान के प्रति लोगों में बढ़ी जागरूकता

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निस)।** शहर के बजरंगलाल छाजेड़ का निधन 80 वर्ष की आयु में सोमवार को होने पर उनकी धर्मपत्नी अमरावदेवी छाजेड़ पुत्र - पुत्र वधू अरूण- सुमन, अशोक- संगीता छाजेड़ तथा पुत्री दामाद सुमन- बिमल दूगड़ व छाजेड़ परिवार की सहमति पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ हॉस्पिटल के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व सहयोगी दिनेश शर्मा ने नेत्र संग्रह किया। उक्त जानकारी देते हुए केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 38 वां नेत्रदान है। स्व बजरंगलाल छाजेड़ की आंखों से दो नेत्रहीन दुनिया देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक सरदारशहर से 12, श्रीडूंगरगढ़ से 13, सुजानगढ़ से 4, सादुलपुर से 2, राजलदेसर, सीकर तथा रतनगढ़ से एक एक तथा सरदारशहर के ग्रामीण क्षेत्र बरड़ासर, उड़सर, बोघेरा तथा श्रीडूंगरगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र कुन्तासर से एक एक नेत्रदान हुआ है। सरदारशहर एवं श्रीडूंगरगढ़ से तेरापंथ युवक परिषद तथा रतनगढ़ से देवकिशन स्मृति सेवा समिति व सुजानगढ़ से लायन्स क्लब नेत्रदान के लिए आमजन को प्रेरित कर रहे हैं। बजरंगलाल छाजेड़ के नेत्रदान किये जाने पर उनके परिजनों का गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

## गीतांजली पब्लिक स्कूल के 4 छात्राओं का इन्स्पायर अवार्ड के लिए चयन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय मालजी के कमरे के पास स्थित गीतांजली पब्लिक सी.सै. स्कूल के चार छात्राओं का माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की ओर से दिया जाने वाले प्रतिष्ठित इन्स्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। हितैषिका पंसारी पुत्री रामनरेश पंसारी, रागिनी शर्मा पुत्र महावीर प्रसाद शर्मा, सलोनी सैन पुत्री आलोक सेन व सलीना एस खान पुत्री सिकंदर खान इन सभी बच्चों का चयन होने पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक विनय गौतम ने बताया कि ये बच्चे बचपन से ही पढ़ाई में काफी होशियार हैं। विद्यालय में होने वाली समस्त प्रकार की गतिविधियों में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाते है। इन्स्पायर अवार्ड के लिए विद्यालय के चेयरमेन दामोदर गौतम ने इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इन छात्राओं को 80000 रुपए प्रतिवर्ष 5 साल तक पुरस्कार के रूप में कुल 4 लाख रुपए की पुरस्कार राशि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से प्रदान की जाएगी। इस प्रकार से विद्यालय के चार छात्राओं को कुल 16 लाख को पुरस्कार राशि प्राप्त होगी। संस्था के निर्देशक गौरव गौतम ने इन सभी बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सात दिनों तक चलेगा विशेष राजयोग शिविर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र पर 25 से 31 मार्च तक सबह शाम 7 दिवसीय विशेष राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। बालकिशन पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उड़ीसा से बीके सुप्रिया बहन आध्यात्मिक संदेश देंगी। बीके सुप्रिया 50 वर्षों से ब्रह्माकुमारीज में समर्पित जीवन व्यतीत कर रहे है। बालकिशन पारीक ने अधिक से अधिक लोगों से इस विशेष राजयोग शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## नीमकाथाना में नि:शुल्क बीएमडी शिविर में 72 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स




**नीमकाथाना/पाटन (निंस)।** जांगिड़ हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेंटर में शनिवार को नि:शुल्क बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज से आए 72 मरीजों के अस्थि घनत्व की जांच की गई। जांच के दौरान जिन मरीजों में बीएमडी कम पाई गई, उन्हें हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जांगिड़ तथा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मौसमी ने कैल्सियम एवं विटामिन डी-3 की दवाइयां लिखीं। साथ ही मरीजों को संतुलित आहार लेने, नियमित रूप से दूध, फल, मेवे, खजूर का सेवन करने और पर्याप्त धूप लेने की सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि योग, व्यायाम और ध्यान से हड्डियों को मजबूत बनाया जा सकता है, जिससे कमर दर्द, जोड़ दर्द एवं संभावित फ्रैक्चर से बचाव संभव है। शिविर के सफल आयोजन में रमेश, दीपेंद्र, तेजवीर, रणवीर, रोहन, रामस्वरूप, विक्रम सिंह और समर्थ सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि यह शिविर प्रत्येक माह की 23 तारीख को चिकित्सालय में नि:शुल्क आयोजित किया जाता है।

## कठिन परिस्थितियों के बावजूद नहीं मानी हार, प्रियंका जांदू बनीं वाणिज्य कर अधिकारी

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) 2023 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रियंका जांदू का वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उनके इस चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रियंका जांदू इससे पहले बालिका बागला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। वे शिक्षाविद सुल्तान जांदू की पुत्रवधू और चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर चुके दिवंगत डॉ. सुनील जांदू की धर्मपत्नी हैं। डॉ. सुनील जांदू के असामयिक निधन के बाद भी प्रियंका ने हिम्मत नहीं हारी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद आरएएस परीक्षा की तैयारी जारी रखी। अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्यक्त किया और विभिन्न सामाजिक संगठनों व नागरिकों ने उन्हें बधाईयां दी।

## सारोठिया की स्कूल में किया इन्वर्टर भेंट




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव सारोठिया के सीतादेवी तोषनीवाल उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में भामाशाह की ओर से इन्वर्टर भेंट किया गया है। संस्था प्रधान श्याम सुन्दर पारीक ने बताया कि ग्राम सारोठिया निवासी एवम् हनुमानगढ़ प्रवासी दानाराम कुचेरिया की ओर से स्कूल में इन्वर्टर भेंट किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पप्पूराम मीणा ने भामाशाह परिवार प्रदत्त सहयोग की भूरी भूरी प्रसंशा की तथा दान के महत्व को प्रतिपादित किया। कार्यक्रम बतौर विशिष्ट अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी में विद्यालय के भौतिक संसाधनों में ग्रामजनो के सहयोग को अपेक्षित बताते हुए विद्यालय परिवेश को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत सूबेदार किसनाराम जाखड़, सुरेश कुमार प्रजापत आदि उपस्थित रहे। नेमाराम बावरी, प्रभुराम शेरडिया, बाबूलाल पिलानिया, प्रेमाराम, संतोष कुमारी, प्रतिभा सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं भगवती, मोनिका, नीता, सरबती, राधिका आदि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संचालन नेमाराम बावरी ने किया।

## मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा और सुशासन के प्रति समर्पित : सुरोलिया

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** भामाशाह व कोलकाता प्रवासी उद्यमी शंकरलाल सुरोलिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रसेवा के 8,931 दिन पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में सर्वाधिक समय तक सेवा देकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री व भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कुल 8,931 दिनों की सेवा के साथ प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने चार बार गुजरात के मुख्यमंत्री तथा तीन बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देकर लोकतांत्रिक इतिहास में एक अद्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 में बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिनों के कार्यकाल का रिकॉर्ड भी पार कर लिया है।

## तहसीलदार के नेतृत्व में हटाया अतिक्रमण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा के राजस्व गांव डूंगर बालाजी में नानूसिंह, हनुमान सिंह, भोलाराम रायका आदि ग्रामीणों की ओर से पंचायत को प्राप्त शिकायत के अनुसार गांव के बीच में सरकारी आबादी भूमि पर एक व्यक्ति की ओर से तारबंदी की शिकायत पर ग्राम पंचायत की ओर से नोटिस की कार्यवाही की गई। साथ ही अतिक्रमी के कब्जा हटाने को इंकार होने पर ग्राम पंचायत के लिखित निवेदन के अनुसार सुजानगढ़ के उपखंड अधिकारी की ओर से सुजानगढ़ तहसीलदार गिरधारी पारीक को मौका मजिस्ट्रेट नियुक्त कर अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया गया। जिस बाबत सदर थाने की सब इंस्पेक्टर गीत रानी, ग्राम विकास अधिकारी की अगुवाई में जाब्ता ने साथ होकर पंचायत की ओर से जेसीबी की सहायता से तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाया। प्रशासक सविता राठी, पूर्व पंच भागुसिंह, प्रकाश स्वामी पंच, दुर्ग सिंह, नरपत सिंह, हनुमान मेघवाल, मुकेश गोदारा पटवारी, भंवरलाल, संजय नायक आदि इस दौरान मौजूद रहे।